CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।


आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

वर्ष- 45 | अंक - 279 | राजनांदगांव, गुरूवार 27 अगस्त 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए






## कुदरत का कहर : नेपाल में बाढ़ से भारी तबाही, 95 की मौत; 500 से ज्यादा लोग लापता, बिहार में हाई अलर्ट

नई दिल्ली। चीन के तिब्बत से आई अचानक बाढ़ ने नेपाल के रसुवा, नुवाकोट और धाडिंग जिलों में भारी तबाही मचा दी है। भोटेकोशी नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से टिमुरे और स्याब्रुबेसी समेत कई इलाकों में घर, बाजार और अन्य संपत्तियां क्षतिग्रस्त हो गईं। बाढ़ के तेज बहाव में वाहन और सामान बह गए, जबकि एक पुल और हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट भी तबाह हो गया। अब तक कम से कम 95 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 500 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं। लापता लोगों में कई भारतीय भी हैं। रसुवा में नेपाल पुलिस के 26 जवान और आर्म्ड पुलिस फोर्स के 7 जवान भी लापता बताए जा रहे हैं। नेपाल सेना ने प्रभावित इलाकों में हेलिकॉप्टर और आपदा राहत कर्मियों को तैनात किया है।

### जलप्रलय में 1000 लोगों के बहने की आशंका

प्राप्त शुरुआती जानकारियों के अनुसार, इस जलप्रलय में करीब 1,000 लोगों के बह जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, इस आंकड़े की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है और जैसे-जैसे राहत व बचाव कार्य आगे बढ़ रहे हैं, नुकसान की असल स्थिति का आकलन किया जा रहा है। सरकारी अधिकारियों ने बताया कि रसुवा जिले के पहाड़ी इलाके जैसे स्याप्रु बेसी और टिमुरे सबसे बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। तिब्बत से सटे इस क्षेत्र में बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है।

### नेपाल में ग्लेशियल झील फटने से आया सैलाब

बता दें कि नेपाल के रसुवा जिले के टिमुरे और स्याब्रुबेसी इलाकों में भोटेकोशी नदी का पानी अचानक बढ़ने से मकान, बाजार, वाहन और एक हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट तक बह गए हैं। पिछले 24 घंटों में वहां कोई खास बारिश नहीं हुई है, जिसके चलते अधिकारियों को अंदेशा है कि तिब्बत की तरफ कोई ग्लेशियल झील फटने (GLOF) की वजह से यह भारी मात्रा में पानी नीचे आया है। भोटेकोशी नदी आगे चलकर सुनकोशी और फिर सप्तकोशी (कोसी) नदी के रूप में भारत के बिहार में प्रवेश करती है, यही वजह है कि बिहार में भी इसका खतरा मंडरा रहा है। प्रशासन ने नदी के आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों को पूरी सावधानी बरतने और एहतियात के तौर पर सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है।

### प्रधानमंत्री बालेन शाह ने बुलाई आपातकालीन बैठक

इस भीषण आपदा को देखते हुए नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने स्थिति की समीक्षा करने और राहत कार्यों को तेज करने के लिए नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट काउंसिल की एक आपातकालीन बैठक बुलाई है। प्रधानमंत्री के सलाहकार असीम शाह ने जानकारी दी है कि पीएम खुद प्रभावित क्षेत्रों के चीफ डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर्स के सीधे संपर्क में हैं और हालात पर लगातार अपनी पैनी नजर बनाए हुए हैं।

### बिहार के इन 8 जिलों में हाई अलर्ट

नेपाल में मची तबाही के बाद बिहार के आपदा प्रबंधन विभाग ने तटीय इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी है। जिन जिलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है, उनमें पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी और शिवहर शामिल हैं। आपदा प्रबंधन विभाग ने आशंका जताई है कि गंडक नदी में करीब 3 मीटर ऊंची फ्लैश फ्लड वेव आ सकती है, जिससे निचले इलाकों में खतरा बढ़ सकता है। कोसी, बागमती और गंडक के कैचमेंट एरिया में लगातार निगरानी रखी जा रही है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने तमाम संबंधित अधिकारियों को पूरी तरह मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए राज्य में राहत और बचाव कार्यों के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। गोपालगंज के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### नेपाल में भयानक बाढ़: पीएम मोदी ने नेपाली प्रधानमंत्री बालेन शाह से की बात, हर संभव मदद का दिया भरोसा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान पीएम मोदी ने पड़ोसी देश नेपाल में विनाशकारी बाढ़ के कारण हुई जनहानि पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। बातचीत में उन्होंने नेपाल को इस भारी संकट से उबारने के लिए भारत की ओर से पूर्ण समर्थन और हरसंभव मानवीय सहायता देने का आश्वासन दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में लिखा, नेपाल में बाढ़ के कारण हुई जानमाल की हानि पर प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह से बातचीत कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस मुश्किल समय में भारत के लोग नेपाल में रह रहे अपने सभी भाइयों और बहनों के साथ पूरी एकजुटता के साथ खड़े हैं। उन्होंने आगे लिखा, भारत नेपाल को हरसंभव (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बाढ़ से 11 हाइड्रो पावर प्लांट, 40 KM सड़कें, 19 पुल और 10 से ज्यादा बैंक तबाह

नेपाल के तिब्बत सीमा से सटे हिमालयी और तराई क्षेत्रों में अचानक आई प्रलयंकारी बाढ़ ने व्यापक स्तर पर जान-माल और सरकारी बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया है। रसुवा जिले के स्याब्रुबेसी और तिमुरे समेत नुवाकोट के त्रिशूली नदी तटीय इलाकों में नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया। बाढ़ का तेज बहाव अपने साथ सड़कें, पक्के पुल, रिहायशी बस्तियां और ऊर्जा परियोजनाओं को बहा ले गया, जिससे पर्वतीय इलाकों का राजधानी काठमांडू और अन्य प्रमुख शहरों से संपर्क पूरी तरह कट गया है। नेपाल के ऊर्जा एवं जल संसाधन मंत्रालय के अनुसार, भोटेकोशी और त्रिशूली नदी के किनारे स्थित लगभग 11 हाइड्रो पावर प्लांट्स और 25 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना के सब-स्टेशन को गंभीर नुकसान पहुंचा है। कई निर्माणाधीन और संचालित जलविद्युत परियोजनाओं के बांध, टनल और टरबाइन हाउस मलबे और गाद में दब गए हैं। ऊर्जा संयंत्रों के ठप होने से कई जिलों में बिजली की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे औद्योगिक और घरेलू उपभोक्ताओं को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है। सड़क विभाग के उप महानिदेशक और प्रवक्ता शुभराज न्यौपाने के अनुसार, प्रारंभिक आकलन में कम से कम 19 मोटर वाहन पुल बह गए हैं या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 40 किलोमीटर लंबे राजमार्ग और संपर्क मार्ग पूरी तरह कट चुके हैं। सड़कें और पुल टूटने से प्रभावित गांवों तक राहत सामग्री और मेडिकल टीमों को पहुंचाना बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया है। सड़क विभाग ने मलबे को हटाने और वैकल्पिक मार्ग तैयार करने के लिए भारी मशीनरी और बुलडोजर तैनात किए हैं। बाढ़ का पानी बाजारों और वाणिज्यिक केंद्रों में घुसने से 10 से अधिक बैंकों की शाखाओं, एटीएम और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बाढ़ में 105 भारतीय लापता, भारत ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

नेपाल टूरिज्म बोर्ड ने बताया कि बुधवार सुबह नेपाल के रसुवा जिले में भोटे कोशी नदी में अचानक आई बाढ़ के बाद कम से कम 500 यात्री लापता हो गए हैं, जिनमें 105 भारतीय शामिल हैं। लापता यात्रियों में 291 विदेशी नागरिक और 93 नेपाली नागरिक शामिल हैं। अन्य 291 विदेशी नागरिकों में ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, अमेरिका, मलेशिया, यूके और दक्षिण अफ्रीका के नागरिक भी शामिल हैं। कई अन्य विदेशी यात्रियों की राष्ट्रीयता की पुष्टि अभी नहीं हो पाई है, जबकि 37 लोगों को अनिवासी भारतीय (NRI) के तौर पर लिस्ट किया गया है। काठमांडू में भारतीय दूतावास ने नेपाल में अचानक आई बाढ़ से प्रभावित भारतीय नागरिकों की मदद और जानकारी के लिए इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मदद चाहने वाले लोग +977 985 131 6807 या +977 970 910 7500 पर संपर्क कर सकते हैं।

## काजू कतली में चांदी के बदले नकली ''बरख'' का खेल

अमदाबाद। त्यौहार निकट आते ही मिलावटखोर 'चोरी चोरी से जाए, हेराफेरी से न जाए' की तर्ज पर अभी भी बेखौफ हैं। खाद्य विभाग (एडल्टरेशन) एवं नगर पालिक निगम के द्वारा अनेक स्थानों में छापा मारकर मीठाइयां, नमकीन, कुकीज सहित के खाद्य पदार्थों का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान काजू कतली पर चांदी के बदले अन्य धातु की बरख लगाकर बिक्री करना पाया गया। कालपुर की दुकान और बापूनगर के कारखाने को सील कर दिया गया था। जब कि, कई रेस्टारेंट-होटल गंदगी के बीच लाइसेंस बगैर-संचालित दरियापुर स्थित खोवे का गोदाम भी सील किया गया था।



गत दिन मणिनगर, चांदखेड़ा, जोधपुर, सरखेज, नवरंगपुरा, खोखरा इत्यादि क्षेत्रों की डेयरियां, मीठाई और कैफे व रेस्टरां सहित 22 इकाइयों में म्युनिसिपल के द्वारा जांच की गई थी। जिसमें मीठाई पर लगी चांदी के बरख, नमकीन पर उपयोग की जा रही नान फूडग्रेड कलर, खोवे में स्टार्च, घी के बदले वनस्पति, तेल और फेट का उपयोग, केसर असली है या नकली ? जैसे विभिन्न बाबतों पर जांच की थी।

म्युनिसिपल कारपोरेशन के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा गुणवात्तयुक्त और मिलावट मुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध होता रहे, इसके लिए सघन अभियान चला रहा है। शहर में मीठाई, नमकीन, बिस्कीट, कुक्रीज तथा डेयरी प्राडक्ट्स का विक्रय करने के लिए ''रेपिड टेस्टिंग'' किट के साथ टीमें तैनात की गई थी। इस अभियान के तहत खास करके मीठाइयों में उपयोग आने वाली ''सिल्वर फोयल'' (चांदी का बरख), बगैर स्वीकृति वाले ''रंग'' (नान फुड ग्रेड कलर्स), खोवा-मावा तथा पनीर में स्टार्च की मिलावट, शुद्ध घी के नाम पर वनस्पति फेट और नकली केसर का निरीक्षण कर रही है। एएमसी के फुड डिपार्टमेंट ने तमाम फूड बिजनेस आपरेटर्स से स्पष्ट अपील की है कि, वे केवल स्वीकृत किए गए कच्चे माल और फुड कलर्स का ही उपयोग करें।

## छत्तीसगढ़ में IGKV पेपर लीक: तीसरे पर्चे के लिफाफे में छेड़छाड़ के प्रमाण मिले तो रद्द हुई तीसरी परीक्षा

रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय (आइजीकेवी) में बीएससी प्रथम वर्ष कृषि के प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं। एंटोमोलॉजी और प्लांट पैथालाजी के बाद अब फंडामेंटल्स ऑफ जेनेटिक्स के प्रश्नपत्र के लीक होने की आशंका पर विश्वविद्यालय प्रबंधन ने परीक्षा रद कर दी है। साथ ही इस मामले में तेलीबांधा थाने में इस मामले में शिकायत दी है। जानकारी के अनुसार, फंडामेंटल्स आफ जेनेटिक्स विषय की परीक्षा 19 अगस्त को प्रदेश के सभी 28 कृषि महाविद्यालयों में आयोजित की गई थी। परीक्षा सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक हुई।



विश्वविद्यालय के अनुसार, लिफाफे में मिली छेड़छाड़ का तरीका पूर्व में सामने आए प्रश्नपत्र लीक प्रकरण में पुलिस की जांच के दौरान सामने आए पैटर्न से मिलता-जुलता है। इसके बाद परीक्षा नियंत्रक ने पुलिस को पत्र भेजकर इस प्रकरण को पहले से दर्ज प्रश्नपत्र लीक मामले की विवेचना में शामिल करने का आग्रह किया है। विवि प्रबंधन के अनुसार इस पेपर लीक के तार भी उसी भारती कृषि कालेज से जुड़ रहे हैं, जहां के सहायक प्रोफेसर ने पिछले 2 पेपर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 12 साल हो गए अच्छे दिन अभी तक नहीं आए, मोदी सरकार महंगाई रोकने में नाकाम- मल्लिकाअर्जुन खरगे

नई दिल्ली। त्योहारों से पहले देश में आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने बुधवार को दावा किया कि केंद्र सरकार ध्यान भटकाने वाले स्टंट और बेतुकी बातों में उलझाकर महंगाई के मुद्दे से बचने की कोशिश कर रही है। बता दें कि मल्लिकार्जुन खरगे का यह बयान चीनी की बढ़ती कीमतों को लेकर सरकार की ओर से किए जा रहे तमाम दावों के बीच आया है।



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लिखा, कांग्रेस और जनता महंगाई को लेकर सरकार से सवाल पूछती रहेगी। इस दौरान उन्होंने खाद्य पदार्थों की बढ़ी हुई कीमतों का एक चार्ट भी सोशल मीडिया पर साझा किया। इसमें आम आदमी की रसोई का भी जिक्र किया गया और प्याज, चीनी तथा सरसों के तेल की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपनी एक्स पोस्ट में दावा किया कि प्याज के दाम सालभर में ही 59 फीसदी तक बढ़ गए हैं। कई शहरों में यह 50 से 60 रुपए प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है। उन्होंने देश में चीनी की बढ़ती कीमतों को लेकर भी सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि देश में चीनी की कीमत 60-70 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। कहीं-कहीं पर तो यह 72 रुपए प्रति किलोग्राम तक बिक रही है। मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि सरसों के तेल की कीमत में भी इजाफा हुआ है। उनके मुताबिक, सरसों के तेल की कीमत 200 रुपए प्रति लीटर से अधिक हो चुकी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इसी एक्स पोस्ट में खाद्य और थोक मुद्रास्फीति का भी उल्लेख किया। उन्होंने लिखा कि खाद्य मुद्रास्फीति 5.52 प्रतिशत और थोक मुद्रास्फीति 9.78 प्रतिशत होने की वजह से महंगाई आम आदमी के घरेलू बजट को प्रभावित कर रही है। मल्लिकार्जुन खरगे ने आगे कहा कि 12 साल से भाजपा की सरकार है और अच्छे दिनों का आलम यह है कि कभी दाल, कभी सब्जी, कभी तेल तो कभी चीनी आम आदमी का बजट बिगाड़ देती है। मल्लिकार्जुन खरगे के इस हमले के बाद देश में महंगाई को लेकर सियासत तेज हो सकती है।

## इस्लामाबाद के सरकारी अस्पताल में बड़ा हादसा, एसी कंप्रेसर फटने से 15 नवजात जिंदा जले

नई दिल्ली। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद से एक बेहद दर्दनाक और झकझोर देने वाली खबर सामने आई है। एक सरकारी अस्पताल में बुधवार, 26 अगस्त को अचानक भीषण आग भड़क उठी। स्थानीय मीडिया चैनल जियो टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, इस वीभत्स अग्निकांड में कम से कम 15 नवजात बच्चों की मौत हो गई है। यह दुखद घटना इस्लामाबाद स्थित प्रतिष्ठित पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज अस्पताल में घटी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस समय यह हादसा हुआ, उस वक्त अस्पताल के गाइनोलॉजी वार्ड की नर्सरी में कुल 16 नवजात शिशु मौजूद थे। आग की इस चपेट में आने से 15 मासूमों की जान चली गई, जबकि गनीमत यह रही कि एक शिशु को सुरक्षित बचा लिया गया। राहत और बचाव कार्य में जुटे अधिकारियों ने स्थानीय चैनल को जानकारी दी कि अस्पताल की नर्सरी के अंदर एयर कंडीशनर का कंप्रेसर फटने की वजह से यह आग फैली थी। फिलहाल, आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है और घटनास्थल पर कूलिंग ऑपरेशन जारी है।



## 60 साल से अधिक उम्र की महिलाएं करेंगी फ्री सफर, सीएम योगी बोले - अपराधियों को अब जेल या जहन्नुम में ही जगह

लखनऊ। 60 वर्ष से अधिक उम्र वाली महिलाओं को यूपी रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' योजना का शुभारंभ कर दिया। इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश की 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा मिलेगी। इस योजना का लाभ रोजाना करीब 88438 महिला यात्रियों को मिलने का अनुमान है। योजना के तहत निशुल्क यात्रा सुविधा के लिए 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को परिवहन निगम की ओर से विशेष स्मार्ट कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे पात्र महिला यात्रियों की पहचान और निशुल्क यात्रा की व्यवस्था को सुगम बनाया जा सकेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि माता अहिल्याबाई साहस और स्वाभिमान की प्रतीक हैं। इसलिए हमने इस योजना का नाम 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' योजना नाम दिया है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के अवसर पर 27, 28 और 29 अगस्त को महिलाओं को अपने एक सहयात्री के साथ निशुल्क बस यात्रा की सुविधा मिलेगी। वहीं, इसके बाद 60 वर्ष की उम्र से ऊपर की हर एक महिला को निशुल्क बस यात्रा की सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब ये भी याद करना जरूरी है कि 2017 के पहले प्रदेश की क्या स्थिति थी। पहले कहा जाता था कि देख सपाई बिटिया घबराई। प्रदेश में बेटियों का सम्मान, शिक्षा और भविष्य सुरक्षित नहीं था। प्रदेश में उत्सव के पहले दंगे हो जाते थे। हर तरफ अव्यवस्था और अराजकता का माहौल था। हम उस दौर को याद करते हैं तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं पर जब मोदी जी के नेतृत्व में यूपी में डबल इंजन की (शेष पृष्ठ 6 पर...)



### बीजेपी 50 हजार सालाना देने की बना रही योजना

गौरतलब है कि आगामी चुनावों को देखते हुए बीजेपी हर साल महिलाओं को चार किश्तों में 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने पर विचार कर रही है। पार्टी ने पिछले साल हुए बिहार चुनाव में 10 हजार रुपये देने का ऐलान किया था। इसका उसको काफी फायदा मिला था।

## डिंपल यादव का बड़ा ऐलान- यूपी में सपा की सरकार बनी तो महिलाओं को हर साल देंगे 40 हजार रुपये

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अगले साल मार्च तक होने जा रहे विधानसभा चुनावों को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने 60 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को आजीवन मुफ्त बस सेवा की सुविधा देने का ऐलान किया। इसके अलावा गरीबी रेखा के नीचे रह रहीं महिलाओं को 50 हजार रुपये की सहायता देने की तैयारी भी चल रही है। ऐसे माहौल में समाजवादी पार्टी ने भी जनता को लुभाने के लिए बड़ा वादा किया है। सपा का कहना है कि अगर उनकी सरकार बनी तो महिलाओं को सालाना 40 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी।



सपा दफ्तर में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की उपस्थित में मैनपुरी सांसद डिंपल यादव ने स्त्री सम्मान समृद्ध योजना का ऐलान किया। डिंपल यादव ने बताया कि महिलाओं को आर्थिक मदद सिर्फ 40 हजार रुपये तक सीमित नहीं रहेगी। हर साल इसमें पैसा बढ़ता जाएगा। प्रेस वार्ता में डिंपल यादव ने कहा कि पार्टी के पीडीए का एक बड़ा मतलब आधी आबादी (महिलाएं) भी हैं। सपा का मानना है कि जब तक महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत नहीं किया जाएगा, तब तक प्रदेश का समग्र विकास संभव नहीं है। महिलाओं को मोबाइल, लैपटॉप, पैसा, पाठशाला और प्रशिक्षण जैसे माध्यमों से सशक्त किया जाएगा।

CMYK

## पहला कॉलम...

### आस्था मूकबधिर शाला के बच्चों का राज्य स्तरीय पैरा योगासन में दबदबा, जीते 5 पदक

**राजनांदगांव (दावा)।** आस्था मूकबधिर शाला के श्रवण बाधित बच्चों ने अपने पहले ही प्रयास में लंबी छलांग लगाते हुए रायगढ़ में आयोजित प्रदेश स्तरीय पैरा योगासन खेल स्पर्धा में पांच मैडल अपने नाम कर राष्ट्रीय योगासन खेल स्पर्धा के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। उक्त प्रदेश स्तरीय पैरा योगासन खेल स्पर्धा का आयोजन रायगढ में हुआ। जिसमें नौ जिले के लगभग 100 खिलाड़ियों ने चार श्रेणियों श्रवण बाधित, मूकबधिर, दृष्टि बाधित एवं अस्थि बाधित में हिस्सा लिया। मूकबधिर श्रेणी में आस्था मूकबधिर शाला राजनांदगांव के बच्चों ने अपना दबदबा बनाते हुए छः पदकों में से कुल पांच पदक अपनी झोली में डाले। जिसमें एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। अंडर 17 बालक वर्ग में अमन भंडारी ने स्वर्ण, लक्की मरकाम ने रजत और प्रियांशु यादव ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। वहीं अंडर 17 बालिका वर्ग में पलक देशलहरे ने रजत और मानवी मंडावी ने कांस्य पदक जीतकर राजनांदगांव का परचम पूरे राज्य में लहराया। यह सभी बच्चे योगशाला योग संस्थान के प्रशिक्षकों किशोर माहेश्वरी, श्रुति ताम्रकार और प्रेम साहू के कुशल मार्गदर्शन में सतत् प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उक्त प्रशिक्षकों की दिन रात की मेहनत ने योगासन की बारीकियां सिखाई उनके अंदर आत्मविश्वास पैदा कर उनका मनोबल बढ़ाया। जिससे बच्चे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए तैयार हो सके और जिले के लिए मैडल जीत सके। शाला की शिक्षिका निशा हरिव्यासी, ज्योति वैष्णव, गौरव साहू का भी विशेष योगदान रहा। सभी प्रशिक्षण स्थल से लेकर रायगढ़ के आयोजन स्थल तक बतौर अभिभावक दिन रात डटे रहे। उक्त प्रतिभाशाली बच्चों की इस उपलब्धि पर आस्था मूकबधिर शाला के अध्यक्ष महेन्द्र सुराना, सचिव राजेश जैन, कोषाध्यक्ष अनिल बड़कुल, योगासन भारत के जिलाध्यक्ष हेमंत तिवारी, लक्ष्मण लोहिया सहित संस्था के संरक्षक, संचालकगण, शाला के प्राचार्य और स्टॉफ ने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

### ट्रेनों में अतिरिक्त जनरल बोगियां जोड़ने की मांग

### कवि संजीव सिंघल ने रेल मंत्रालय को लिखा पत्र, यात्रियों की दुर्दशा पर जताया असंतोष

**राजनांदगांव (दावा)।** शहर के समाजसेवी व कवि संजीव सिंघल ने केंद्र सरकार एवं रेल मंत्रालय से एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनों में अतिरिक्त जनरल डिब्बे जोड़ने की पुरजोर मांग की है। श्री सिंघल ने रेलवे की वर्तमान व्यवस्था पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जिन ट्रेनों में मात्र दो या तीन सामान्य बोगियां होती हैं, वहां यात्रियों को भारी भीड़ और अव्यवस्था का सामना करना पड़ता है। डिब्बों में पैर रखने तक की जगह नहीं होती। जिससे आम यात्रियों को अत्यधिक कष्ट व मानसिक तनाव से गुजरना पड़ता है। उन्होंने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों, मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को एक बार इन सामान्य डिब्बों में आम नागरिक की तरह सफर करके देखना चाहिए, तभी उन्हें भुक्तभोगी यात्रियों के दर्द और कठिनाइयों का वास्तविक एहसास होगा। श्री सिंघल ने उम्मीद जताई कि रेल मंत्रालय मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए तत्काल प्रभाव से भीड़भाड़ वाली ट्रेनों में दो से तीन अतिरिक्त जनरल कोच जोड़ने का निर्णय लेगा।

# त्योहारी सीजन में महंगाई की मार : चीनी और गुड़ ने घोली कड़वाहट, आलू-प्याज व सब्जियों के दाम भी आसमान पर

## राखी पर मिठाईयों से मोहभंग, चॉकलेट से मुंह मीठा कराने को मजबूर, बिगड़ा रसोई का बजट

**राजनांदगांव (दावा)।** छत्तीसगढ़ का प्रथम लोक पर्व हरेली और सावन के बाद त्योहारों की लगातार श्रृंखला शुरू हो चुकी है। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भाई-बहनों के अटूट स्नेह और मिठास के बीच चौतरफा महंगाई ने खलल डाल दिया है। शक्कर, गुड़, खाद्य तेल, दाल और सब्जियों के बेतहाशा बढ़े दामों ने आम आदमी और गृहिणियों के घरेलू बजट को पूरी तरह बिगाड़ कर रख दिया है।



### चाय की चुस्की और खाद्य तेल भी हुआ महंगा

शक्कर, दूध (75 रुपये लीटर) और चायपत्ती (360 से 400 रुपये किलो) के दामों में वृद्धि से आम आदमी की रोजमर्रा की चाय भी महंगी हो गई है। वहीं त्योहारी व्यंजनों के लिए जरूरी खाद्य तेलों में सोयाबीन व राइस ब्रान 2500 रुपये प्रति टीन और सनफ्लावर 2700 रुपये प्रति टीन तक पहुंच गया है। इसके अलावा 1 लीटर के बजाय 850 से 910 एमएल के पैकेट में तेल मिलने से उपभोक्ताओं पर दोहरी मार पड़ रही है।

### बाजार में मिठाइयों की जगह चॉकलेट का सहारा

बाजार में शक्कर 55 से 62 रुपये प्रति किलो तक बिक रही है, वहीं गुड़ के दाम भी शक्कर को पछाड़ रहे हैं। इस भारी उछाल के कारण मिठाइयों के दाम आम लोगों की पहुंच से बाहर हो गए हैं। कई बहनें अपने भाइयों का मुंह मीठा कराने के लिए महंगी पारंपरिक मिठाइयों के बजाय किफायती चॉकलेट व अन्य विकल्पों का रुख करने को विवश हैं।

### हरी सब्जियों, आलू और प्याज की कीमतों में भारी उछाल

सब्जी मंडियों में हरी सब्जियों की आवक प्रभावित होने से कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। बाड़ियों में पानी भरने की वजह से आपूर्ति में कमी आई है। जिसमें प्याज 50 से 60 रुपये प्रति किलो, आलू 20 से बढ़कर 25 रुपये प्रति किलो, फूलगोभी 40 से 80 रुपये प्रति किलो, मुनगा (सहजन) 50 से 70 रुपये प्रति किलो, बरबट्टी व भिंडी 40 रुपये प्रति किलो तक व नारियल 30 से 35 रुपये प्रति नग बिक रहा है।

### हरी सब्जियों, आलू और प्याज की कीमतों में भारी उछाल

सब्जी मंडियों में हरी सब्जियों की आवक प्रभावित होने से कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। बाड़ियों में पानी भरने की वजह से आपूर्ति में कमी आई है। जिसमें प्याज 50 से 60 रुपये प्रति किलो, आलू 20 से बढ़कर 25 रुपये प्रति किलो, फूलगोभी 40 से 80 रुपये प्रति किलो, मुनगा (सहजन) 50 से 70 रुपये प्रति किलो, बरबट्टी व भिंडी 40 रुपये प्रति किलो तक व नारियल 30 से 35 रुपये प्रति नग बिक रहा है।

# घर में घुसकर मारपीट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड पर भेजे गए जेल

**बिजली कनेक्शन के लिए बांस के इस्तेमाल को लेकर हुआ था विवाद, तुमड़ीबोड़ पुलिस ने चंद घंटों में की कार्रवाई**



**राजनांदगांव (दावा)।** तुमड़ीबोड़ चौकी पुलिस ने घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने वाले दो आरोपियों को चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पोषण यादव (27 वर्ष) पिता सुकालु यादव एवं जितेन्द्र ठाकुर (30 वर्ष) पिता गजराज ठाकुर, दोनों निवासी वार्ड नंबर-07 ग्राम ढाबा के रूप में हुई है।

चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक धनीराम नारंगे ने बताया कि प्रार्थी मुकेश यादव (26 वर्ष), निवासी ग्राम ढाबा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 अगस्त को बिजली कनेक्शन लेने के लिए पड़ोसी पोषण यादव के घर के पास रखे बांस का उपयोग करने की बात पर विवाद हो गया। इसी रंजिश को लेकर आरोपी पोषण यादव और जितेन्द्र ठाकुर ने मुकेश के घर में अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर अश्लील गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्के व पत्थर से मारपीट की। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ (थाना लालबाग) में अपराध क्रमांक 363/26 के तहत धारा 296, 115(2), 333, 118(1), 351(3), 3(5) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को तत्काल हिरासत में ले लिया और न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल दाखिल कर दिया गया।

# महतारी वंदन योजना की 31 वीं किस्त से महिलाओं में खुशी, रक्षाबंधन से पहले मिली आर्थिक सौगात



**जिला पंचायत सभापति ने जताया मुख्यमंत्री का आभार**

**राजनांदगांव (दावा)।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना प्रदेश की लाखों माताओं-बहनों के लिए आर्थिक संबल और आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बन रही है। योजना के तहत हर माह मिलने वाली नियमित सहायता राशि से महिलाएं परिवार की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ अपनी व्यक्तिगत आवश्यकताओं के लिए भी आर्थिक रूप से सक्षम हो रही हैं। रक्षाबंधन के पावन पर्व से पहले महतारी वंदन योजना की 31वीं किस्त की राशि जारी होने से महिलाओं में विशेष उत्साह और खुशी का माहौल है। महिलाओं का कहना है कि नियमित रूप से मिलने वाली यह राशि घरेलू खर्च, बच्चों की जरूरतों और अन्य आवश्यक सामानों की खरीदी में काफी मददगार साबित हो रही है। जिला पंचायत सभापति श्रीमती देवकुमारी साहू ने महतारी वंदन योजना की 31वीं किस्त की राशि जारी किए जाने पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना प्रदेश की महिलाओं के लिए आर्थिक रूप से बेहद उपयोगी साबित हो रही है। हर महीने मिलने वाली सहायता राशि से महिलाएं अपनी जरूरतों को पूरा करने के साथ परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में भी सहयोग कर पा रही हैं। श्रीमती साहू ने कहा कि महतारी वंदन योजना की 31वीं किस्त रक्षाबंधन से पहले मिलने से महिलाओं की त्यौहार की खुशियां और बढ़ गई हैं। इस राशि का उपयोग महिलाएं बच्चों की जरूरतों, घर-गृहस्थी के खर्च तथा त्योहार की तैयारियों में कर सकेंगी।

उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर और सम्मानपूर्वक जीवन जीने की दिशा में आगे बढ़ाने वाली महत्वपूर्ण पहल भी है। योजना से मिलने वाली नियमित राशि महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ उनके परिवारों के लिए भी सहारा बन रही है।

# मनरेगा लेखापाल पर दारू-सिगरेट के नाम पर वसूली का आरोप, रोजगार सहायकों में भारी आक्रोश

**शिकायतों के बाद भी नहीं हो रही ठोस कार्रवाई, आज जारी होगा चौथा कारण बताओ नोटिस**



**डोंगरगढ़ (दावा)।** जनपद पंचायत की मनरेगा शाखा के लेखापाल शंकर चंद्रवंशी पर ग्राम रोजगार सहायकों से खुलेआम दारू और सिगरेट के नाम पर अवैध राशि की मांग करने के गंभीर आरोप लगे हैं। प्रताड़ित रोजगार सहायकों ने मामले की औपचारिक शिकायत परियोजना अधिकारी (पीओ) चंद्रकला से की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोजगार सहायकों ने बताया कि लेखापाल शंकर चंद्रवंशी द्वारा फोन पर विभिन्न शासकीय व कार्यालयीन कार्यों के एवज में अनावश्यक दबाव बनाकर रुपयों की मांग की जाती है।

इस मामले में पीओ ने रोजगार सहायकों को आश्वस्त किया है कि लेखापाल के विरुद्ध शीघ्र ही नया कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह पहला मामला नहीं है जब लेखापाल के विरुद्ध इस तरह की शिकायतें सामने आई हैं। कार्य में घोर लापरवाही बरतने के चलते विगत जून माह में जिला पंचायत सीईओ द्वारा श्री चंद्रवंशी पर 1,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया जा चुका है। पीओ चंद्रकला ने बताया कि लेखापाल को कार्य में लापरवाही और प्राप्त शिकायतों को लेकर पहले भी कई बार कारण बताओ नोटिस जारी किए जा चुके हैं, लेकिन उन्होंने आज तक किसी भी नोटिस का जवाब या स्पष्टीकरण कार्यालय को नहीं दिया है। अब उन्हें चौथा नोटिस जारी करने की तैयारी है।

रोजगार सहायक संघ ने पूर्व में मार्च में भी जिला पंचायत सीईओ से लिखित शिकायत कर लेखापाल को हटाने की मांग की थी। बताया जाता है कि पूर्व में अनेक शिकायतों के चलते ही उनका स्थानांतरण जनपद पंचायत छुरिया किया गया था, किंतु उन्हें पुनः डोंगरगढ़ जनपद पंचायत में अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया। संघ ने मांग की है कि ऐसे दागी लेखापाल को तत्काल डोंगरगढ़ से हटाकर उनकी मूल पदस्थापना छुरिया भेजा जाए और उन पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

# कांफ्लुएंस कॉलेज में 'विकसित भारत युवा कनेक्ट' आज स्पोर्ट्स एडिशन' का आयोजन

**राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेल संवाद, विचार-विमर्श व विविध गतिविधियों का होगा संगम**




**राजनांदगांव (दावा)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में युवाओं में खेल भावना, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कांफ्लुएंस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, राजनांदगांव द्वारा 27 अगस्त को 'विकसित भारत युवा कनेक्ट - स्पोर्ट्स एडिशन' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों के महत्व, खेल प्रतिभाओं के विकास और स्वस्थ व सशक्त भारत के निर्माण में उनकी भूमिका से अवगत कराना है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को खेल अधोसंरचना के विकास, राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय खिलाड़ियों की उपलब्धियों तथा खेल जगत में उपलब्ध करियर अवसरों की जानकारी दी जाएगी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रचना पाण्डेय ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान करते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करने का सशक्त जरिया हैं। इस मंच पर युवाओं को अपने विचार, अनुभव और प्रतिभा साझा करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान खेल विषयक परिचर्चा, जागरूकता गतिविधियां तथा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय प्रबंधन एवं प्राध्यापकों ने जिले के खेल प्रेमियों और युवाओं से अपील की है कि वे 'फिट युवा-सशक्त युवा-विकसित भारत' के संकल्प से जुड़कर इस आयोजन का लाभ उठाएं।

### टीबी जागरूकता अभियान अंतर्गत ग्राम करमतरा में ग्रामीणों को किया गया जागरूक

राजनांदगांव (दावा)। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा मेरा युवा भारत के माध्यम द्वारा ग्रामीणों में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने, समय पर जांच एवं उपचार के लिए प्रेरित करने तथा टीबी के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने टीबी (क्षय रोग) जागरूकता अभियान अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम करमतरा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।







# अवैध रूप से शराब बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सुकुलदैहान पुलिस और साइबर टीम की संयुक्त कार्रवाई, 34(2) आबकारी एक्ट के तहत भेजा गया जेल**



राजनांदगांव (दावा)। सुकुलदैहान पुलिस ने चौकी क्षेत्र में अवैध शराब का भंडारण कर बिक्री करने वाले एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में देशी और अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गैर-जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन में जिले भर में अवैध शराब परिवहन व बिक्री के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

सुकुलदैहान चौकी प्रभारी ने बताया कि ग्राम धनगांव में अवैध शराब बिक्री की पुख्ता सूचना मिलने पर सुकुलदैहान पुलिस एवं साइबर थाना की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश देकर आरोपी रिकेश साहू (45 वर्ष) पिता राम रतन साहू, निवासी ग्राम धनगांव को धर दबोचा गया।

### कुल 8.100 बल्क लीटर शराब बरामद

तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 8 पौवा देशी प्लेन सवा शेरा शराब एवं 32 पौवा जम्मू स्पेशल अंग्रेजी शराब बरामद की गई। जब्त शराब की कुल मात्रा 8.100 बल्क लीटर तथा अनुमानित कीमत 5,080 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया और न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल करा दिया।

### शुभांक

अनुमानित

| | |
|---|---|
| बी. के. | |
| 2-5-9 | |
| 247-3 | 490-3 |
| राजधानी | |
| 1-3-0 | |
| 789-4 | 237-2 |

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202608092100020 अ/6 अ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भोजराम पिता स्व. अर्जन व अन्य 02, निवासी ग्राम-रामाटोला, तहसील-लाल बहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया है कि कृषि भूमि मूल ख.नं. 505 ग्राम रामाटोला प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. एवं तह.-ला.ब. नगर, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) स्थित है, जिसका कुल रकबा **3.07** एकड़ है, यह भूमि आवेदकगणों की पैत्रिक भूमि है। कालांतर में इस भूमि का परिवार के सदस्यों के बीच बंटवारा हुआ जिसमें मूल खसरा नं. 505 की बटांकन में छः टुकड़े होकर विभाजित हुआ जिसका विभाजन के पश्चात नया खसरा नं. **505/1 से 505/6** तक किया गया। ख.नं. 505 आवेदकगणों की पैत्रिक भूमि है, इस कारण से उन्हें इस भूमि पर विधिक वारीस होने के कारण यह भूमि उत्तराधिकार में प्राप्त हुई और इस कारण उन्हें यह भूमि बंटवारे में प्राप्त हुई। बंटवारा होने के कारण भूमि का बटांकन किया गया और ख.नं. **506/7 एवं 506/8** जो की मूल ख.नं. **505** की भूमि है, को राजस्व रिकार्ड में त्रुटि वश **506/7 एवं 506/8** कर दिया गया। जबकि ख.नं. **506** बिल्कुल अलग भूमि है और अलग परिवार की भूमि है। जिसका मूल ख.नं. **505** के भूमिस्वामी आवेदकगणों एवं उनके परिवारजनों से कोई संबंध नहीं है। ख.नं. 505 की भूमि को ख.नं. **506/7** रकबा **0.1200** हे. एवं **506/8** रकबा **0.1490** हे. में राजस्व रिकार्ड में शामिल कर दिया गया। इन दोनों भूमियों को कुल रकबा **0.2690 हे.** आता है जो की त्रुटिवश ख.नं. 506 की भूमि में शामिल हो गया। उपरोक्त कारण से आवेदकगणों की पैत्रिक भूमि कुल **0.2690** हे. उनकी कुल भूमि से कम हो गयी है और दूसरे परिवार की भूमि ख.नं. **506** में शामिल कर ली गयी है। जिससे आवेदकगणों को अत्यंत नुकसान पहुंच रहा है। आवेदकगण ख.नं. **505** की भूमि में त्रुटिवश दर्ज की गयी ख.नं. **506/7** एवं **506/8** की कुल भूमि रकबा **0.2690** को मूल ख.नं. **505** में दर्ज करवाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के त्रुटि सुधार किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक **31/08/2026** तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक **19/07/2026** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी, डोंगरगढ़ (छ.ग)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव 1**
**मामले की श्रेणी:राजस्व**
**संदर्भः जिला- राजनांदगांव, तहसील-राजनांदगांव प.ह.नं.- 00059 ककरेल ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-**
**CT 202526420510700013**

**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00059 के अंतर्गत ग्राम ककरेल के वर्तमान भूमिस्वामी सुखराम पिता/पति-केजऊ पता-, मालती पिता/पति-गणेश पता-सादेह, कौशिल्या बाई पिता/पति-आशकरण पता-सादेह, मिथुन नाबा. पिता/पति-पुनाराम पता-सादेह, फूलबाई पिता/पति-बेवा गनेशू पता-सादेह, महेंद्र नाबा. पिता/पति-पुनाराम पता- द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **213/1 (1.0080), 314(0.4130), 310(0.3080)** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कौशिल्याबाई पिता/पति-आशकरण पता-ग्राम ककरेल, सुखराम पिता/पति-केजऊ पता-, मालती पिता/पति-गणेश पता-, महेंद्र नाबा., मिथुन नाबा. पिता/पति-पुनाराम पता- के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **31/08/2026** को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव-1 पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **21/08/2026** को जारी किया जाता है।

**DIVYA VAIDYA नायब तहसीलदार**
**राजस्व निरीक्षक मंडल-ठाकुरटोला**

# आज से शिक्षकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल, स्कूलों में ठप रहेगी पढ़ाई

## लंबित मांगों को लेकर शिक्षक साझा मंच ने खोला मोर्चा, प्रशासनिक व शिक्षा अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन



**राजनांदगांव (दावा)।** विभिन्न लंबित मांगों, सेवा-सुरक्षा और अधिकारों को लेकर जिले के शिक्षकों ने आज, 27 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान कर दिया है। शिक्षकों के इस बड़े आंदोलन से शासकीय स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था पूरी तरह ठप होने की संभावना है। शिक्षक साझा मंच के प्रतिनिधिमंडल ने आंदोलन की पूर्व सूचना देते हुए कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ), अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तथा राजनांदगांव, छुरिया, डोंगरगढ़ व डोंगरगांव के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को औपचारिक ज्ञापन सौंप दिया है। यह ज्ञापन प्रांतीय संयोजक रविन्द्र राठौर, विकास राजपूत, प्रदीप पांडेय, मनीष मिश्रा तथा जिला संयोजक रमेश कुमार साहू व छन्नू साहू के निर्देश पर सौंपा गया। शिक्षक साझा मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि शिक्षकों की जायज मांगें लंबे समय से शासन स्तर पर लंबित हैं। संगठन द्वारा लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से लगातार आवाज उठाने के बाद भी जब कोई ठोस समाधान नहीं निकला, तब विवश होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का रास्ता चुनना पड़ा। मंच ने इसे शिक्षकों के अधिकार, सम्मान और न्याय की लड़ाई बताते हुए सभी शिक्षकों से अनुशासित व एकजुट होकर आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला संयोजक छन्नू लाल साहू, सह संयोजक व छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला सचिव ओमप्रकाश साहू, जिला मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे, जिला पदाधिकारी अजय कड़व, बंदीश नेमपांडे, ललित प्रताप सिंह, अमीन कुरैशी, ब्लॉक अध्यक्ष सूरज शर्मा (राजनांदगांव), ऐकीरत गणवीर (छुरिया), हीरालाल मौर्य (डोंगरगढ़), प्यारे लाल साहू (डोंगरगांव), प्रफुल्ल कुमार झा, खिलावन ठाकुर, मुकेश देवांगन, डेविड वर्मा, अश्विनी साहू, मनीष बडोले, खिलावन निर्मलकर, डालेश्वर देवांगन, चेतन दुबे, लेखदास साहू व भरत साहू सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# अतीत नहीं होता तो आज आप जो हैं, वह बन नहीं पाते : मुनि श्रेयांशप्रभ जी

### ज्ञानवल्लभ भवन में चातुर्मासिक प्रवचन, कहा- गलतियों पर दुख मनाने के बजाय उनसे सीख लेकर आगे बढ़ें



गलतियों को सुधारना जरूरी है, उन पर सिर्फ दुख मनाते रहना समझदारी नहीं है।

### समस्याओं से भागें नहीं, सामना करें

**राजनांदगांव (दावा)।** जैन मुनि श्री श्रेयांशप्रभ सागर जी महाराज ने कहा कि व्यक्ति का वर्तमान उसके अतीत की ही देन है। यदि अतीत का अनुभव न हो तो हम आज जो हैं, वह कभी नहीं बन पाते। अतीत हमें बहुत कुछ सिखाता है और यदि अतीत न होता, तो व्यक्ति स्वयं में सुधार भी नहीं ला पाता। ज्ञानवल्लभ भवन में आयोजित चातुर्मासिक प्रवचन के दौरान मुनिश्री ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब हम पुराना मकान छोड़कर नए मकान में जाते हैं, तो पुराने मकान के ईंट-पत्थर साथ लेकर नहीं जाते, उन्हें वहीं छोड़ देते हैं। ठीक इसी तरह पुरानी नकारात्मक बातों और बीती गलतियों को वहीं छोड़ देना चाहिए। गलतियां हर इंसान से होती हैं, किंतु

मुनिश्री ने कहा कि डर जब विचारों पर हावी हो जाता है, तो व्यक्ति कोई भी कार्य सही ढंग से नहीं कर पाता। उन्होंने प्रेरणा देते हुए कहा कि जो बातें या अनुभव आपके आगे बढ़ने में सहायक रहे हों, उन्हें कभी न छोड़ें। जीवन में क्या नहीं कर पा रहे हैं, यह देखने के बजाय अपनी क्षमताओं और संभावनाओं को पहचानें। उन्होंने आगे कहा कि व्यक्ति घर छोड़कर तो भाग सकता है, लेकिन खुद से भागना संभव नहीं है। इसलिए चुनौतियों से भागने के बजाय उनका सामना करें और अतीत की गलतियों से सीखकर स्वयं में निरंतर सुधार लाएं। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि प्रवचन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और मुनिश्री के पावन विचारों का लाभ उठाया।

# घर में घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, एक हिस्ट्रीशीटर शामिल

### चाकू और डंडे से हमला कर छीने थे रुपये व मोबाइल, तीसरा फरार आरोपी तलाश में



**राजनांदगांव (दावा)।** लालबाग थाना पुलिस ने घर में घुसकर तोड़फोड़, मारपीट और लूटपाट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त स्टील का चाकू और डंडा बरामद किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में से एक आदतन हिस्ट्रीशीटर बदमाश है, जबकि मामले का तीसरा आरोपी फिलहाल फरार है। थाना प्रभारी रमेश कुमार पटेल ने बताया कि पेंड्री बस्ती निवासी प्रार्थी ने 25 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम करीब 5 बजे जब वह सब्जी लेने बाजार जा रहा था। तब पवन आटा चक्की के पास आरोपियों ने उसे रोककर शराब पीने के लिए पैसे की मांग की। पैसे देने से इनकार करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू व डंडे से उस पर हमला कर दिया। आरोपियों ने प्रार्थी की जेब से जबरन 250 रुपये छीन लिए और उसका मोबाइल फोन छीनकर तोड़ दिया। इसके बाद आरोपियों ने प्रार्थी के घर में अनाधिकृत रूप से घुसकर होम थिएटर सहित अन्य घरेलू सामान में जमकर तोड़फोड़ की। प्रार्थी की शिकायत पर लालबाग पुलिस ने अपराध क्रमांक 362/2026 के तहत धारा 296, 115(2), 351(3), 118(1), 311, 324(2), 3(5) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत मामला दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में विवेचना के दौरान धारा 333 बीएनएस भी जोड़ी गई। पुलिस ने त्वरित दबिश देकर आरोपी पिंकू उर्फ फटीक लहरे (26 वर्ष), पिता स्व. हरिशचंद लहरे और हिरेंद्र लहरे (27 वर्ष), पिता चंद्रमोहन लहरे (दोनों निवासी पेंड्री बस्ती) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पिंकू के कब्जे से स्टील का चाकू और हिरेंद्र से डंडा जब्त किया गया है। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# नाबालिग से अवैध शराब का परिवहन कराने वाला आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव (दावा)।** डोंगरगांव थाना पुलिस ने एक नाबालिग के जरिए अवैध शराब का परिवहन कराने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने नाबालिग के कब्जे से 35 पौवा देशी शराब और परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। वहीं मामले के मुख्य आरोपी विष्णु बेलदार (50 वर्ष) निवासी ग्राम आरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।


### पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई

डोंगरगांव थाना प्रभारी आशीर्वाद रहटगांवकर ने बताया कि 25 अगस्त को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक नाबालिग मोटरसाइकिल पर अवैध शराब लेकर जा रहा है। पुलिस टीम ने ग्राम सुखरी के पास मेन रोड पर घेराबंदी कर काले रंग की बजाज डिस्कवर बाइक (क्रमांक सीजी 08 एनबी 2874) को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर पेट्रोल टंकी के सामने रखी एक हरे रंग की प्लास्टिक बोरी से 35 पौवा देशी प्लेन शराब (कुल मात्रा 6.300 बल्क लीटर, कीमत लगभग 2,800 रुपये) बरामद हुई। पूछताछ में नाबालिग ने खुलासा किया कि ग्राम आरी निवासी विष्णु बेलदार ने उसे 3,000 रुपये और अपनी मोटरसाइकिल देकर ग्राम अर्जुनी स्थित शराब भट्टी से शराब खरीदकर लाने भेजा था। पुलिस ने अवैध शराब के साथ करीब 10 हजार रुपये मूल्य की मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली।

नाबालिग से शराब की अवैध तस्करी कराने के जुर्म में पुलिस ने आरोपी विष्णु बेलदार के विरुद्ध धारा 78 जे.जे. एक्ट (किशोर न्याय अधिनियम) और धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया। नाबालिग बालक को नियमानुसार परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# लोहिया परिवार द्वारा पितृ मोक्षार्थ श्रीमद् भागवत कथा 13 सितंबर से

### पूज्य आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी विराजेंगे व्यासपीठ पर, श्री अग्रसेन भवन में होगा आयोजन



**राजनांदगांव (दावा)।** लोहिया परिवार के तत्वाधान में पितृ मोक्षार्थ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन आगामी 13 से 20 सितंबर तक श्री अग्रसेन भवन में आयोजित किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की व्यासपीठ पर वृंदावन के सुप्रसिद्ध भगवताचार्य आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी 'बांके बाबा' विराजमान होकर अपनी सुमधुर वाणी से अमृत गंगा प्रवाहित करेंगे। सपूर्ण कथा का यूट्यूब चैनल द्वारा सीधा प्रसारण किया जाएगा। प्रतिदिन कथा दोपहर 4 बजे से प्रारंभ होगी। लोहिया परिवार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 13 सितंबर को सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्रा श्री गायत्री मंदिर से प्रारंभ होकर कथा स्थल 'ब्रजधाम' अग्रसेन भवन पहुंचेगी।

### प्रतिदिन कथा में होंगे अलग अलग प्रसंग

लोहिया परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ 13 सितंबर को सुबह भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। पश्चात् दोपहर 4 बजे से कथा प्रारंभ होगी। प्रथम दिवस मंगलाचरण, श्रीमद् भागवत महात्यम प्रसंग की विवेचना की जाएगी। 14 सितंबर को कपिल भगवान चरित्र, कपिल गीता, ध्रुव चरित्र एवं 15 सितंबर को जड़ भरत कथा, नरसिंह अवतार प्रसंग तथा 16 सितंबर को मोहिनी चरित्र, बलि वामन प्रसंग, श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं नंदोत्सव होगा। 17 सितम्बर को श्री बाल कृष्ण लीलाएं, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा, छप्पनभोग प्रसंग की प्रस्तुति होगी। 18 सितम्बर को महारास, उद्धव गोपी संवाद, श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह उत्सव होगा। 19 सितम्बर को श्रीमद् भागवत व्यास पूजा, श्री शुकदेव बिदाई, फूलों की होली, कथा विश्राम होगा। 20 सितम्बर को गीता पाठ एवं पूर्णाहुति होगी। 20 सितम्बर को ही लोहिया परिवार के सदस्यगण गयाजी के लिए प्रस्थान करेंगे। जो 13 अक्टूबर को वापस लौटेंगे। लोहिया परिवार ने धर्मप्रेमी माताओं, बहनों एवं बंधुओं से धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

## पहला कॉलम...

### डॉ. हार्डीकर की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी, स्कूली बच्चों को बांटी शिक्षा सामग्री



**राजनांदगांव (दावा)।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के निर्देश व प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकार के मार्गदर्शन में बुधवार को कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉ. एन.एस. हार्डीकर की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। शहर जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष एवं जिला मुख्य संगठक अमित खण्डेलवाल के नेतृत्व में केसर नगर स्थित सेवादल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. हार्डीकर के छायाचित्र पर सूत की माला व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके उपरांत आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने डॉ. हार्डीकर के जीवन वृत्त और सेवादल के गठन में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने सेवा, अनुशासन और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर संगठन की नींव रखी, जो आज भी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। श्रद्धांजलि सभा के बाद सेवादल कार्यकर्ता भरका पारा स्थित आंगनबाड़ी स्कूल पहुंचे। जहां जरूरतमंद बच्चों को पाठ्य व शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि वंचित वर्ग के बच्चों की शिक्षा में सहयोग करना ही सच्ची समाजसेवा है। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने डॉ. हार्डीकर के बताए सेवा मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। आयोजन में यंग ब्रिगेड अध्यक्ष जितेंद्र मेश्राम, राजेश यादव, नमन यादव, रिंकू साहू, अनिल साहू, मोहित यादव, सन्नी यादव, तन्मय डेकाडे, नीरज यादव, रिमू यादव सहित बड़ी संख्या में सेवादल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# युगांतर कप फुटबॉल : रोमांचक फाइनल में डीपीएस को हराकर युगांतर बना चैंपियन

### नवीन कुमार शार्दुल चुने गए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हुए पुरस्कृत



राजनांदगांव (दावा)। युगांतर कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला युगांतर पब्लिक स्कूल और दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) के मध्य खेला गया। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर तथा निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी की गरिमामयी उपस्थिति में खेले गए इस कड़े और संघर्षपूर्ण फाइनल मैच में युगांतर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डीपीएस को पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। मैच के समापन पर आयोजित भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता युगांतर और उपविजेता डीपीएस की टीम को ट्रॉफी व पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट में नवीन कुमार शार्दुल (युगांतर पब्लिक स्कूल), बेस्ट गोलकीपर हर्नव नेताम (युगांतर पब्लिक स्कूल), बेस्ट डिफेंडर समर्थ मेश्राम (वाइडनर मेमोरियल), बेस्ट स्टॉपर कोमल धमगया (डीपीएस), बेस्ट मिडफील्डर काव्य चौहान (डीपीएस) व बेस्ट स्ट्राइकर अल्तमिश कुरैशी (अजीज पब्लिक स्कूल) आदि है। टीम की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह एवं खेल शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद तिवारी सहित पूरे युगांतर परिवार ने खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। समारोह का सफल संचालन गौरव ठाकुर और अदिति जैन द्वारा किया गया।

## बारिश रुकते ही बढ़ने लगी उमस

**राजनांदगांव(दावा)।** जिले में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के बाद अब जैसे ही बारिश का दौर थमा है, उमस और गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। दिनभर आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रहने के बावजूद वातावरण में नमी अधिक होने के कारण लोगों को तेज उमस का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दोपहर के समय चिपचिपी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो रहा है।बारिश के दौरान जहां मौसम सुहावना बना हुआ था और लोगों को गर्मी से राहत मिली थी, वहीं बारिश रुकते ही वातावरण में नमी बढ़ गई है।

## आम लोगों की रसोई का बजट बिगड़ा

**राजनांदगांव(दावा)।** बाजार में टमाटर, आलू, प्याज सहित हरी सब्जियों के दाम बढ़ने से आम लोगों की रसोई का बजट बिगड़ गया है। बारिश के कारण खेतों में सब्जियों की फसल को नुकसान पहुंचने और मंडियों तक सब्जियों की आवक कम होने से कीमतों में तेजी आई है। खासकर हरी सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। गृहिणियों का कहना है कि पहले की तुलना में सब्जियों की खरीदारी पर अधिक खर्च करना पड़ रहा है।

# महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर करणी सेना ने फहराया भगवा ध्वज, जीर्णोद्धार के लिए निगम को लिखेगी पत्र

### परिसर में फैली गंदगी व टूट-फूट पर जताई नाराजगी, नियमित रखरखाव व सौंदर्यीकरण की मांग



राजनांदगांव (दावा)। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थल के रखरखाव और साफ-सफाई को लेकर श्री राजपूत करणी सेना ने पहल की है। बुधवार को करणी सेना के पदाधिकारियों ने प्रतिमा परिसर में साफ-सफाई करने के बाद महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर भगवा ध्वज स्थापित किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने प्रतिमा स्थल की मौजूदा स्थिति का जायजा लिया और परिसर में हुई टूट-फूट तथा रखरखाव की कमी पर चिंता जताई। करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल राजपूत समाज ही नहीं, बल्कि शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक हैं। ऐसे महापुरुष की प्रतिमा के आसपास का परिसर व्यवस्थित और साफ-सुथरा रहना चाहिए। प्रतिमा स्थल पर पर्याप्त रखरखाव नहीं होने से वहां की व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिमा परिसर की साफ-सफाई से की गई। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने परिसर में फैली गंदगी को हटाया और आसपास के क्षेत्र को व्यवस्थित किया। इसके बाद वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर भगवा ध्वज स्थापित किया गया। ध्वज स्थापना के दौरान पदाधिकारियों ने महाराणा प्रताप के शौर्य और स्वाभिमान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया। सफाई के दौरान पदाधिकारियों ने प्रतिमा स्थल पर हुई टूट-फूट और रखरखाव की स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की। श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय बहादुर ने मामले की जानकारी स्थानीय पार्षद को टेलीफोन के माध्यम से दी। उन्होंने प्रतिमा स्थल की व्यवस्था में तत्काल सुधार कराने और आवश्यक मरम्मत कराने की मांग रखी। करणी सेना के जिला अध्यक्ष अमन बहादुर सिंह ने कहा कि प्रतिमा स्थल के समुचित रखरखाव, साफ-सफाई और जीर्णोद्धार के लिए नगर निगम को पत्र लिखा जाएगा। इसमें प्रतिमा परिसर की नियमित सफाई, क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत तथा स्थल के सौंदर्यीकरण की मांग रखी जाएगी। उनका कहना है कि प्रतिमा स्थल केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए इतिहास और वीरता का प्रतीक है। इसलिए नगर निगम को इसकी देखरेख के लिए स्थायी व्यवस्था करनी चाहिए। करणी सेना ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो समाज के प्रतिनिधि निगम अधिकारियों से मुलाकात कर प्रतिमा स्थल के जीर्णोद्धार और नियमित रखरखाव की मांग को प्रमुखता से उठाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश सचिव गोल्डी भदोरिया, प्रदेश सह सचिव संतोष सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष, विवेक सिंह ठाकुर अध्यक्ष युवा 1282, जिला संयोजक कपिल सिंह, जिला उपाध्यक्ष अभिनव सिंह, जिला महामंत्री अजय कुशवाहा, संजय सिंह राजपूत, चंदन सिंह, परितोष सिंह, चंदन सिंह चंदेल, सुधीर सिंह, नीरज सिंह, हर्षवर्धन सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।

# लखोली में श्रमिकों के लिए मोबाइल कैंप



**राजनांदगांव (दावा)।** श्रमिकों को श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाने और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने के उद्देश्य से लखोली वार्ड नंबर 32 में श्रम विभाग द्वारा मोबाइल कैंप का आयोजन किया गया। पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर की पहल पर आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में श्रमिकों ने पहुंचकर पंजीयन एवं नवीनीकरण की सुविधा का लाभ उठाया। शिविर में छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल तथा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत श्रमिकों के नवीन पंजीयन के साथ-साथ निष्क्रिय श्रमिक कार्डों का नवीनीकरण किया गया। इसके अलावा श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई, ताकि पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर ने कहा कि मोबाइल कैंप आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों को पंजीयन और कार्ड नवीनीकरण के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने की परेशानी से राहत दिलाना है। वार्ड में ही सुविधा उपलब्ध होने से श्रमिकों का समय और मेहनत दोनों बच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि श्रमिकों को शासन की योजनाओं का निरंतर लाभ मिलता रहे। इसके लिए ऐसे शिविर बेहद उपयोगी हैं। शिविर के दौरान हितग्राहियों के मोबाइल नंबर पर ओटीपी सत्यापन, लाइफ फोटो एवं वीडियो की प्रक्रिया पूरी कर मौके पर ही श्रमिक कार्ड के पंजीयन और नवीनीकरण की कार्रवाई की गई। इससे श्रमिकों को लंबी प्रक्रिया और अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिली। श्रम विभाग के कर्मचारियों ने शिविर में उपस्थित श्रमिकों को पंजीयन की पात्रता, आवश्यक प्रक्रिया तथा विभिन्न योजनाओं के लाभ के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। श्रमिकों ने वार्ड में ही मोबाइल कैंप लगाए जाने पर खुशी जताते हुए इसे सुविधाजनक और उपयोगी पहल बताया। पार्षद निर्मलकर ने कहा कि भविष्य में भी वार्ड के श्रमिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ऐसे शिविर आयोजित कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक पात्र श्रमिक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ सकें और उन्हें योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके।

## अनमोल 'दावा'

**अच्छे कर्मों का पेड़ धीरे-धीरे बढ़ता है, लेकिन उसकी छाया पूरी जिंदगी सुकून देती है।**

# आज के दौर में भारत की अपनी 'दो शहरों की कहानी'

पिछले दशक में, केंद्र सरकार ने हमें उम्मीद जगाने वाले कई सराहनीय काम किए हैं। बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में, भारत लगभग अकेला ऐसा देश है जिसने कोविड महामारी और यूक्रेन व ईरान युद्धों की उथल-पुथल को काफी कुशलता से संभाला है, और साथ ही असाधारण वित्तीय ज़िम्मेदारी भी दिखाई है।

एक बड़े पैमाने पर गरीब समाज की तत्काल ज़रूरतों को पूरा करने के लिए अल्पकालिक व्यक्तिगत कल्याण और बड़े पैमाने पर बुनियादी ढाँचे के विकास तथा निवेश और व्यापार को बढ़ावा देने के रूप में आर्थिक विकास की दीर्घकालिक आवश्यकता के बीच एक प्रभावशाली संतुलन बनाया गया है। केंद्र का राजकोषीय घाटा, जो 2020-21 में रिकॉर्ड 9.2% के उच्च स्तर पर था, उसे 2025-26 में घटाकर 4.8% कर दिया गया और वित्त वर्ष 2027 में इसे 4.4त्न तक लाने का लक्ष्य रखा गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के कारण सार्वजनिक वित्त पर भारी दबाव के बावजूद, वित्त वर्ष 2027 में राजकोषीय घाटा नियंत्रण में रहेगा।

वित्तीय क्षेत्र, जो एक दशक पहले अंधाधुंध ऋण देने की प्रथाओं और गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के उच्च अनुपात के कारण जोखिम में था, उसे भारी मात्रा में पूंजी डालकर और वसूली में प्रभावशाली सुधार करके स्थिर किया गया है। नतीजतन, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, जिन्होंने 2017-18 में कुल मिलाकर 85,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान दर्ज किया था, उन्होंने अब 2025-26 में कुल मिलाकर 1,98,000 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात, जो 2018 में 14.6त्न के चौंकाने वाले स्तर पर था, अब घटकर 1.93त्न के ऐतिहासिक निचले स्तर पर आ गया है, और शुद्ध हक्क्र अनुपात 0.39त्न के स्वस्थ स्तर पर है।

शायद पिछले बारह वर्षों की सबसे प्रभावशाली उपलब्धि बुनियादी ढाँचे के क्षेत्र में है। सड़क नेटवर्क में प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की गई है। हाईवे और सड़क नेटवर्क 2014 में लगभग 91,000 द्मद्व से बढ़कर 2026 में 146,000 द्मद्व से ज़्यादा हो गया। नेशनल हाईवे की लंबाई लगभग 18,000 द्मद्व से बढ़कर 48,000 द्मद्व हो गई, और हाई-स्पीड कॉरिडोर सिर्फ़ 93 द्मद्व से बढ़कर 2138 द्मद्व हो गए। रोज़ाना औसतन निर्माण 11.6 द्मद्व से बढ़कर 34 द्मद्व हो गया। शिपिंग के क्षेत्र में, कार्गो हैंडलिंग क्षमता 800 मिलियन टन प्रति वर्ष से बढ़कर 2760 रू. हो गई है। बड़े बंदरगाहों पर टर्न-अराउंड टाइम 94 घंटे से घटकर 48 घंटे हो गया है। रेल ट्रैक का इलेक्ट्रिफिकेशन 21,800 रूट द्मद्व से बढ़कर 46,900 रूट किमी. हो गया है। यह सब इंफ्रास्ट्रक्चर में रिकॉर्ड निवेश और काम की रफ़्तार बढ़ाने से मुमकिन हुआ है।

इन सभी पहलों और नीतियों का नतीजा यह है कि सालाना आर्थिक विकास दर लगभग 6.5-7% है, जबकि ग्लोबल ट्रेड बैरियर और एनर्जी सप्लाई में रुकावट जैसी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। डिजिटल टेक्नोलॉजी के ज़रिए कल्याणकारी योजनाओं के वितरण में काफ़ी सुधार हुआ है। यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस ज़बरदस्त सफल रहा है, जिसमें 240 बिलियन से ज़्यादा ट्रांज़ैक्शन हुए हैं और 314 ट्रिलियन रुपये से ज़्यादा का डिजिटल ट्रांसफर हुआ है। कुछ इंडस्ट्रियल पॉलिसी पहलों, खासकर मोबाइल फ़ोन मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट, के बहुत अच्छे नतीजे मिले हैं, हालांकि दूसरे सेक्टर में मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट में अभी तेज़ी आनी बाकी है। आर्थिक मोर्चे पर ये सभी और दूसरी खबरें जश्न और उम्मीद की वजह हैं।

समावेशी विकास की चुनौतियां और फिर भी, देश में हमारे सामने बड़ी चुनौतियां हैं। मैंने पहले भी इन कॉलम में कहा है कि हमें भारत के लिए खास तीन अहम आंकड़ों पर ध्यान देने की ज़रूरत है: 1) वर्कफोर्स का 85 प्रति. हिस्सा असंगठित क्षेत्र में है, जिसके पास सुरक्षित नौकरी और मासिक वेतन नहीं है; 2) 60% से ज़्यादा लोग अभी भी छोटे गांवों में रहते हैं, जहां आगे बढ़ने के मौके बहुत कम हैं; 3) 46% तक वर्कर अभी भी खेती को मुख्य काम के तौर पर करते हैं, जबकि 'डीपी' में इसकी हिस्सेदारी घट रही है और यह 16-18% पर है। भारत का विकास असली और प्रभावशाली है, हालांकि यह अभी भी हमारी असली क्षमता से काफ़ी कम है। फिर भी, इस विकास का लोगों के जीवन पर बड़े पैमाने पर असर नहीं पड़ रहा है। नतीजा यह है कि फॉर्मल सेक्टर हर साल नौकरी के बाज़ार में आने वाले 1.2 करोड़ (12 मिलियन) लोगों को काम नहीं दे पा रहा है; 20 देशों या दूसरी अहम अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले शहरीकरण अभी भी बहुत धीमा है; और बेहतर मौकों की कमी के कारण बहुत सारे लोग कम उत्पादकता और कम मज़दूरी वाली खेती में लगे हुए हैं। समावेशी विकास की इन बड़ी चुनौतियों का कोई आसान जवाब नहीं है। इनके लिए व्यापक राष्ट्रीय सहमति, दृढ़ संकल्प, नई और बेहतर नीतियां, सही तरीके से काम को अंजाम देना और सबसे बढ़कर, धैर्य और लगातार कोशिश की ज़रूरत है। विकास ज़रूरी तो है, लेकिन काफ़ी नहीं है; इन चुनौतियों से निपटने के लिए समावेशी और लंबे समय तक चलने वाले तेज़ विकास के लिए हमें लगभग दो दशकों तक बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय प्रयास करने होंगे। अपनी युवा आबादी की उत्पादकता बढ़ाने के लिए हमें शिक्षा के नतीजों और कौशल के स्तर में ज़बरदस्त सुधार करने की ज़रूरत है। लेकिन हमें विकास के मॉडल को भी बेहतर बनाने की ज़रूरत है ताकि वह ज़्यादा समावेशी हो और रोज़गार पैदा करने वाला हो।

राजनीतिक स्थिरता या सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाए बिना अपने युवाओं की उम्मीदों को पूरा करने के लिए यह सब युद्ध स्तर पर किया जाना चाहिए।

# ड्रोन को लेजर से नष्ट कर देगी अमेरिकी सेना

**रूस-यूक्रेन युद्ध हो, पश्चिम एशिया में ईरान-अमेरिका तनाव हो या भारत का ऑपरेशन सिंदूर, हाल के दिनों में एक बात साफहुई है कि युद्ध के मैदान में ड्रोन सबसे बड़े गेमचेंजर बनकर उभरे हैं। इसी बदलती तस्वीर के बीच अमेरिकी सेना दुश्मन के ड्रोन को लेजर और माइक्रोवेव हथियारों से हवा में ही मार गिराने की तैयारी शुरू कर रही है। अमेरिका अगले एक साल तक हाई-एनर्जी लेजर और हाई-पावर माइक्रोवेव सिस्टम का बड़ा ऑपरेशनल परीक्षण करने जा रहा है, ताकि यह देखा जा सके कि क्या भविष्य के युद्धों में इन तकनीकों के भरोसे ड्रोन हमलों को रोका जा सकता है।**







यह खबर भारत के लिए भी अहम है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने ड्रोन और दूसरे हवाई खतरों से निपटने की अपनी क्षमता दिखाई थी। वहीं पाकिस्तान की तरफसे पंजाब, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान सेक्टर में ड्रोन के जरिए हथियार, नशा और खुफिया गतिविधियों की लगातार कोशिशों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ाई है। ऐसे में सवाल यह है कि अमेरिका किस तकनीक पर काम कर रहा है और एंटी-ड्रोन तकनीक की इस वैश्विक दौड़ में भारत कहां खड़ा है? अमेरिकी सेना की जॉइंट इंटरएजेंसी टास्क फोर्स-401 हाई-एनर्जी लेजर और हाई-पावर माइक्रोवेव तकनीकों का बड़े पैमाने पर परीक्षण करने जा रही है। इन सिस्टमों को अलग-अलग सैन्य ठिकानों पर लगाया जाएगा और सैनिक करीब एक साल तक इन्हें वास्तविक परिस्थितियों में चलाकर देखेंगे। मकसद सिर्फड्रोन गिराना नहीं, बल्कि यह समझना भी है कि लंबे समय तक इन सिस्टमों का प्रदर्शन कैसा रहता है, इन पर कितना खर्च आता है और सैन्य अभियानों के दौरान इनका इस्तेमाल कितना आसान है। अमेरिकी सेना यह भी जानना चाहती है कि क्या इन हथियारों का इस्तेमाल बिना हवाई क्षेत्र को बंद किए और बिना सैन्य अड्डों के रोजमर्रा के कामकाज को प्रभावित किए किया जा सकता है। यही वजह है कि इस परीक्षण को भविष्य की सैन्य रणनीति के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है।

035 तक भारत का अपना स्पेस स्टेशन होगा। इसरो चेयरमैन डॉ. वी. नारायणन ने बताया कि भारत 2035 तक अपना स्पेस स्टेशन बनाने की दिशा में काम कर रहा है और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के पहले मॉड्यूल को मंजूरी मिल चुकी है।

एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत गगनयान और प्रस्तावित स्पेस स्टेशन पर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि स्पेस स्टेशन के पहले मॉड्यूल को मंजूरी मिल चुकी है और 2035 तक अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य है। अगर भारत ऐसा कर पाता है तो शायद चीन के बाद दूसरा ऐसा देश हो, जिसका अपना स्पेस स्टेशन होगा। अभी सिर्फ दो ही स्पेस स्टेशन हैं। एक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन है, जिसे 15 देशों ने मिलकर तैयार किया है। दूसरा है चीन का तियांगोंग स्पेस स्टेशन, जिसे उसने 2021 में स्थापित किया था।

आसान शब्दों में कहें तो स्पेस स्टेशन अंतरिक्ष में तैरती हुई एक हाई-टेक साइंटिफिक्र लैब है, जहां वैज्ञानिक महीनों रहकर रिसर्च करते हैं। इसमें बीच में बेलनाकार डिब्बे होते हैं जिन्हें मॉड्यूल कहते हैं। इनके दोनों तरफ विशाल चमकीले सोलर पैनल्स लगे होते हैं, जो सूरज की रोशनी से बिजली बनाते हैं। ये साइंस लैब की तरह ही होता है। इसमें वह सब कुछ होता है जो जमीन पर बनी किसी लैब में होता है।

अभी जो नासा का इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन है, वह 6 बेडरूम वाले घर से भी बड़ा है। इसमें 6 स्लीपिंग क्वार्टर, दो बाथरूम, एक जिम और एक खिड़की है। इसमें एक समय में 6 अंतरिक्ष यात्री रह सकते हैं। जरूरत पड़ने पर 11 यात्री तक रह सकते हैं। इसे बनाने में लगभग 150 अरब डॉलर का खर्च आया है। इस स्पेस स्टेशन में कुल 16 मॉड्यूल्स हैं, जो आपस में जुड़े हैं। इनमें से कुछ में लैब हैं, कुछ लिविंग स्पेस है तो कुछ स्टोरेज के लिए। इसके अंदर कुल 4 लैब्स बनी हैं, जिनमें अमेरिका, जापान, रूस और यूरोप के अंतरिक्ष यात्री रिसर्च और एक्सपेरिमेंट करते हैं।

नासा के मुताबिक, इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन एक सिरे से लेकर दूसरे सिरे तक 356 फीट लंबा है। इसका वजन लगभग 4.20 लाख किलो है। अकेले सोलर पैनल ही एक एकड़ की जगह घेरते हैं। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में बिजली के लिए लगभग 13 किलोमीटर लंबी तो सिर्फ वायरिंग ही है। स्पेस स्टेशन से एक बार में 8 अंतरिक्ष यान जुड़ सकते हैं। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पृथ्वी से लगभग 402 किलोमीटर की ऊंचाई पर है। यह हमेशा चक्कर लगाता रहता है। यह स्पेस स्टेशन पृथ्वी की 90 फीसद आबादी वाले इलाकों के ऊपर से गुजरता है।

ईरान ने पहली बार अपने सुप्रीम लीडर मोजतबा अली खामेनेई का एक धार्मिक एकेडमिक स्टडी सेशन की अध्यक्षता करते हुए दुर्लभ फुटेज जारी किया है। वीडियो में, 56 वर्षीय नेता एक छात्र को थीसिस पेश करते हुए सुन रहे हैं और उस काम पर अपनी राय दे रहे हैं। यह घटनाक्रम मोजतबा की सेहत को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच सामने आया है। खबरों के अनुसार, 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के मिले-जुले हमलों में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इन हमलों में उनके पिता और उनसे पहले इस पद पर रहे अली खामेनेई की मौत हो गई थी।ईरान की फार्स न्यूज एजेंसी द्वारा शेयर किए गए इस पहले कभी न देखे गए वीडियो में मुज्तबा की आवाज भी सुनाई देती है, जिसमें वह छात्रों को ईरानी सरकार के इस्लामिक सुरक्षा मॉडल के बारे में समझा रहे हैं। वीडियो में, मोजतबा अपने छात्र की थीसिस को 20 में से 19.5 नंबर देते हैं और उसे बेदाग बताते हैं। बिना तारीख वाले इस वीडियो में ईरानी नेता की एक दुर्लभ झलक मिलती है, जबकि दुनिया भर में ईरान के राजनीतिक और सैन्य ढांचे में उनकी पर्दे के पीछे की भूमिका और नेतृत्व पर चर्चा हो रही है। हालाँकि, यह साफनहीं है कि यह वीडियो कब रिकॉर्ड किया गया था। अपने पिता अली खामेनेई की हत्या के बाद, 56 साल के मोजतबा खामेनेई को ईरान का सुप्रीम लीडर बनाया गया। युद्ध शुरू होने के बाद से मोजतबा सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दिए हैं। (हिन्दुस्तान फीचर)

## विचार सरिता

# जीवन कौशल: किसी की प्रशंसा की प्रतीक्षा किए बिना आप अपना काम करते रहें



**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

यह स्वाभाविक है कि मनुष्य अपने अच्छे कार्य की प्रशंसा चाहता है। पर यह आवश्यक नहीं कि ऐसा हो। आजकल की दुनिया ऐसी हो गई है

कि लोग सार्वजनिक स्थान पर भी आत्मकेंद्रित व्यवहार करने लगे हैं।आप चाहे कितना भी अच्छा कार्य कर लें पर लोगों के मुख से प्रशंसा के दो शब्द भी नहीं निकलेंगे। हाँ, अगर वे स्वयं कोई कार्य करें तो यह अवश्य चाहेंगे कि उनके कार्य की प्रशंसा अवश्य हो।

अब प्रश्न यह है कि आपके द्वारा किए गए किसी अच्छे कार्य पर लोगों की ठंडी प्रतिक्रिया रही तो आपका दृष्टिकोण क्या होना चाहिए? वास्तव में हमारा ध्यान किसी कार्य को अच्छे से करने पर होना चाहिए। प्रशंसा मिले तो ठीक। निंदा मिले तो भी अप्रभावित। कोई आप पर ईर्ष्यालु टिप्पणी करे, तब भी ठीक। कोई आपका आत्मविश्वास तोड़ने वाली टिप्पणी करे, तो भी कोई बात नहीं।

टीका-टिप्पणियों की परवाह न करने और खामोशी से अपना काम करने की आदत की शायर अहमद फ़राज की इन पंक्तियों से थोड़ी संगति हो सकती है-

चुप-चाप अपनी आग में जलते रहो ''फराज'' दुनिया तो अर्ज-ए-हाल से बे-आबरू करे।

कोई आवश्यक नहीं कि आपने जो कोई कार्य किया है, उसकी प्रशंसा हो, तब ही यह माना जाए कि आपने अच्छा कार्य किया है। दूसरे क्यों? आपने कोई कार्य किया है, तो अपने कार्य का मूल्यांकन आप स्वयं करें। अविचलित रहें। काम करते रहें। चुपचाप आगे बढ़ते रहें। कोई त्रुटि हो और सुधार संभव न हो, तो अगली बार ध्यान रखें।

चुपचाप अपना काम करते रहने पर भी लोगों द्वारा शायर अख्तर अंसारी अकबराबादी के शब्दों में, यूं बात बनाई जा सकती है---


चुप रहो तो पूछता है,खैर है
लो खामोशी भी शिकायत हो गई।

## शब्द सामर्थ्य -141

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 140 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सू- दोकू क्र.141

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र140 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

## सामयिक चर्चा

### स्वाभाविक प्रश्न

आज खबर पढ़कर
बानी बोले- ''सुनिए गजाधर!
बढ़ती महंगाई को लेकर
सरकार ने अच्छा काम किया है।
चीनी के बाद प्याज की
बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने
आज जनता को राहत देने के लिए
केन्द्र सरकार ने एक अहम् फैसला लिया है।
मालूम गजाधर!
सरकार पर अब रियायती दर पर
आम लोगों को पैंतीस रूपये
किलोग्राम के भाव से
प्याज उपलब्ध कराएगी।''
प्याज के लिए चिन्तित गजाधर बोले -
''यह अच्छी बात है बानी!
जनता अब कुछ तो राहत पाएगी।
हाँ! बानी! यह तो बताओ,
आलू और तेल के लिए सरकार,
ऐसी कोई योजना कब लाएगी?''
(बुधवार 26 अगस्त 2026)



गिरीश बख्शी

## कविता


### // अगर ऐसा होता तो //

जरूरी नहीं है कि
एक धनाढ्य की बेटी
एक धनाढ्य ससुराल पाकर
खुशियाँ ही खुशियाँ बाँधेगी
अपने आँचल में;
और अगर ऐसा होता तो,
अवधेश की वैदेही को भला
क्यों मिलता वनवास
ही वनवास।
जरूरी नहीं है कि
अनंत प्रीत हो जब ईश्वर से
और भक्ति का ऐश्वर्य ही
मिलता रहे आजीवन;
और अगर ऐसा होता तो,
राणा का भेजा हुआ ज़हर
मीरा को नहीं पीना पड़ता।
जरूरी नहीं है कि
एक प्रतापी सम्राट पिता महाराणा
वीरांगना अजदबे की नन्ही तनया
वंचित हों अपने हिस्से
के कष्टों से,
और अगर ऐसा होता तो,
उन्हें वन-वन भटकते हुए
नहीं खानी पड़ती
घासकी रोटियाँ।




टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''


## राशिफल



**मेष** — आज पूरा दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आप किसी नए कार्य की शुरुआत करेंगे, जिसमें जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। सामाजिक गतिविधियों में रुझान बढ़ेगा। फाइनेंस से जुड़े सारे काम समय पर निपटा लेंगे। इस राशि की महिलाएं घर से ही किसी बिजनेस की शुरुआत कर सकती हैं, जिसमें परिवार का पूरा सपोर्ट रहेगा।




**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आप अपने सपनों को पूरा करने के लिए कंफर्ट जोन से बाहर निकलेंगे और अपनी जीवनशैली में बदलाव करेंगे। किसी चीज को बिना जाने-समझे फैसला करने से बचें। करियर को लेकर थोड़ी उलझन हो सकती है, लेकिन किसी समझदार व्यक्ति का साथ मिलने से राहत मिलेगी।



**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। इस राशि के बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करेंगे, जिससे टेस्ट में अच्छे अंक प्राप्त होंगे। परिवार के साथ बैठकर एन्जॉय करेंगे, जिससे खुशी मिलेगी। धार्मिक तथा आध्यात्मिक गतिविधियों में समय बीतेगा और जरूरतमंदों की सहायता करके मानसिक सुकून मिलेगा।



**कर्क** — आज का दिन आपके लिए लाभप्रद रहने वाला है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है, जिससे मन शांत रहेगा। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं, जहाँ आनंद की एक अलग अनुभूति होगी।ऑफिस में सावधानी बरतने की आवश्यकता है, एक गलत कदम उलझन में डाल सकता है। दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे।




**सिंह** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। किसी करीबी से शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिससे दिन बन जाएगा। बच्चों का मनोबल बनाए रखने में सहयोग करेंगे। कर्मचारियों की मदद से बिजनेस की गतिविधियां ठीक तरह से चलती रहेंगी। नए प्रोजेक्ट को पूरा करने में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और अनचाहे भय से मुक्ति मिलेगी।



**कन्या** — आज का दिन आपके लिए खुशनुमा बना रहेगा। व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो उम्मीद से अधिक फायदा कराएगी। घर में परिवारजनों के साथ नवीनीकरण व साज-सज्जा को लेकर विचार-विमर्श होगा। ऑफिस में चल रहा प्रोजेक्ट पूरा होने से राहत मिलेगी। माता-पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं।




**तुला** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। सरकारी कामों में समझदार व्यक्ति से राय मिलेगी, जिससे काम आसान हो जाएगा। आपका व्यक्तित्व व रहन-सहन के प्रति सजग रहना लोगों के बीच आकर्षण का कारण बनेगा। समाज में छवि निखरेगी। अपनी कार्यप्रणाली व्यवस्थित बनाए रखेंगे, जिससे समय की बचत होगी।




**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। बिजनेस में सोच-समझकर निर्णय लेने की आवश्यकता है। जीवनसाथी से मन की बात शेयर कर सकते हैं, जिससे हल्का महसूस होगा। ऑफिस में सबके बीच सामंजस्य बनाकर रखेंगे। घर पर अचानक रिश्तेदार का आगमन होगा, जिससे चहल-पहल बनी रहेगी।



**धनु** — आज का दिन आपके लिए उत्साह से परिपूर्ण रहेगा। रोजगार की तलाश खत्म होगी, पार्टनरशिप में किसी काम की शुरुआत कर सकते हैं। समय दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ बीतेगा, जिससे रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। किसी समारोह में जाने का अवसर मिल सकता है। कारोबारियों के लिए दिन महत्वपूर्ण रहेगा, नए लोगों से डील पक्की हो सकती है।



**मकर** — आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आएगा। कड़ी मेहनत से हासिल करने की कोशिश की गई चीज़ें पाने में सफल रहेंगे। व्यावसायिक योजना बनाने में सफल रहेंगे, जिससे आगे अच्छा लाभ होगा। अपने खर्चों पर नजर रखने की जरूरत है। काम के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें। जीवनसाथी के साथ तालमेल बना रहेगा।



**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए आशाजनक बना रहेगा। आर्थिक रूप से समृद्ध रहेंगे और दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। बातचीत के दौरान शब्दों का सही चयन करें, जिससे रिश्ते अच्छे बने रहें। इस राशि के लेखक अपनी पुस्तक का लोकार्पण कर सकते हैं, जिसे खूब पसंद किया जाएगा। बच्चे पढ़ाई के साथ खेल-कूद में भी मन लगाएंगे।



**मीन** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई योजनाएं बनाएंगे, जिसमें कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा। ऑफिस के प्रोजेक्ट को बहुत अच्छे से पूरा करेंगे, जिससे बॉस खुश होकर प्रमोशन दे सकते हैं। खेल-कूद में रुचि रखने वाले छात्रों को प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। व्यक्तिगत व पारिवारिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## (कविता)

### मँय सावन के जलधारा अँव

मँय सावन के जलधारा अँव।
सबके आँखी के तारा अँव।
जग के हर दुखिया लोगन के,
मैंहर दुख के निपटारा अँव।।
परबत के सुघर नजारा अँव।
हरियर रुखवा के डारा अँव।
खबर बँटइया खुशहाली के,
सागर भेजे हरकारा अँव।।
नदिया के कलकल धारा अँव।
बगिया के सुघर फुहारा अँव।
करजा मा डूबे हलधर के,
खेतन के धनहा भारा अँव।।
तीरथ के अमरित धारा अँव।
भूखे जन के भंडारा अँव।
बेजुबान पशु चौपाया के,
मँय दाता हरियर चारा अँव।।
फागुन के ढोल-नगारा अँव।
पोरा के मीठा-खारा अँव।
जग के सबो परानी मन के,
जिनगी के प्राण अधारा अँव।।



राम कुमार चन्द्रवंशी
बेलरगोंदी (छुरिया)
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

# खैरागढ़ में हर्षोल्लास के साथ मना ईद मिलादुन्नबी, जामा मस्जिद से निकला भव्य जुलूस, हुआ स्वागत

खैरागढ़ (दावा)। ईद मिलादुन्नबी का पर्व मुस्लिम समाज ने बुधवार को बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। अल्लाह के प्यारे रसूल, इस्लाम धर्म के प्रवर्तक एवं शांति के मसीहा पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का 1501वां जन्मदिन जश्ने ईद मिलादुन्नबी के रूप में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। गौरतलब है कि पाक पर्व की शुरुआत पैगंबर हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम साहब की पैदाइश के वक्त सुबह 4 बजे सलातो सलाम व नात से हुई और इसके बाद फजर की नमाज और कुरानखानी संपन्न हुई। वही परंपरानुसार सुबह 9.30 बजे जामा मस्जिद से भव्य जुलूस निकाला गया, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ पुनः मस्जिद चौक पहुंचा और फिर जामा मस्जिद के पेश ईमाम हाफिज फखरुद्दीन मिस्बाही ने परचम कुसाई की रस्म अदा कर फातिहा पढ़ी और मुस्लिम भाईयों को पैगंबर साहब के बताये अहिंसा, मानवता, समानता एवं सच्चाई की राह पर चलने की नसीहत देते हुये हर बुरे कामों से बचने की हिदायत भी दी। इस अवसर पर केसीजी जिले सहित प्रदेश व पूरे वतन में अमन-चैन और सभी की खुशहाली की दुआ मांगी गई।



**पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के 1501वें जन्मदिन पर अमन-चैन की दुआ, देशभक्ति गीतों व नात ने बांधा समां**

### देशभक्ति गीतों व मज़हबी नात ने जुलूस में बांधा खूबसूरत समां

जुलूस के दौरान अलग-अलग स्थानों पर स्टॉल लगाकर फल, शरबत, आइसक्रीम, शीतल पेय, केक और नाश्ते का वितरण किया गया। इस दौरान नगर के समाजसेवी रमेश शर्मा और पूर्व पार्षद संजय शर्मा गुड्डू ने सभी मुस्लिम भाईयों को अपने घर के सामने पानी पिलाकर हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल पेश की वही रायपुर से आये प्रसिद्ध चिश्तिया नातियां ग्रुप के गायकों ने सुन्दर मजहबी नात व कुछ देशभक्ति गीतों की भी शानदार प्रस्तुति दी जिसे नगरवासियों ने खूब सराहा। इस दौरान जुलूस में मुस्लिम समाज ने नगरवासियों को पैगंबर हज़रत मोहम्मद के जन्मदिन की खुशी में मिठाई बांटी और शाम को सिविल अस्पताल खैरागढ़ में मरीजों को फल एवं बिस्किट का वितरण किया गया।

### बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के सदस्य मौजूद रहे

पैगंबर हज़रत मोहम्मद की याद में निकले भव्य जुलूस में पेश ईमाम हाफ़िज़ फखरुद्दीन मिस्बाही रिज़वी, हाफिज मोहिब्बुल हक, हाफिज जियाउल हक, हाफिज शराफत हुसैन, हाफ़िज़ नाहिद रज़ा, हाफ़िज़ मुबारक रिज़वी, नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, जामा मस्जिद के सदर अरशद हुसैन डब्बू, पूर्व नायब सदर जफर हुसैन खान, मो. इदरीस खान, हाजी रिज़वान मेमन, इकरा फाउंडेशन अध्यक्ष खलील कुरैशी, जिला मुस्लिम समाज सचिव मो.याहिया नियाज़ी, शमशुल होदा खान, सीटीबी फाउंडेशन जिला अध्यक्ष अय्यूब सोलंकी, जुनैद खान, मो.सगीर खान, फारुख मेमन, सैय्यद जाकिर अली, कय्यूम कुरैशी, डॉ. मकसूद अहमद, जामा मस्जिद कोषाध्यक्ष सादिक मेमन मोतीवाला, नसीम कादरी, उपाध्यक्ष वसीम कादरी, सगीर कुरैशी, सचिव असद उल हक, हाजी नासिर मेमन, हाजी तनवीर मेमन, हाजी सलीम मेमन, हाजी ईमरान मेमन, हाजी इरफ़ान मेमन, हाजी मोहसिन अली, हाजी जाहिद अली, मतीन अशरफ़, हाजी सरवर खान, हाजी मुर्तजा खान, तारिक अमान, सोहेल अशरफ़, रफीक सरधारिया, साबिर सरधारिया, नदीम मेमन, राजा सोलंकी, युनूस सोलंकी, सैय्यद शौकत अली, सैय्यद अल्ताफ अली, रियाजुद्दीन कादरी व कलीम अशरफी सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के सदस्यगण मौजूद रहे।

### सुरक्षा व्यवस्था बनाने पुलिस विभाग का सराहनीय योगदान रहा

पूरे आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस विभाग की अहम भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा के निर्देश पर थाना प्रभारी अनिल शर्मा व यातायात प्रभारी निरीक्षक भीमसेन यादव के नेतृत्व में रूपसाय् भगत, सुरेश वर्मा, प्रधान आरक्षक गन्नू लाल साहू, आशुतोष सिंह जिम्मी, रोमनाथ वर्मा, विजय सागर, गिरीश निषाद, मुरली वर्मा, नव आरक्षक एवं पीटीएस बल व सीएएफ बल सहित बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात रहे।

### पैगंबर हज़रत मोहम्मद ने पूरी दुनिया को दिया मानवता, समानता, शांति एवं भाईचारे का खूबसूरत संदेश

जब पैगंबर हज़रत मोहम्मद साहब इस दुनिया में आएं तो उस वक्त समाज में भेदभाव चरम पर था और बेटियों को पैदा होते ही अभिशाप समझकर जमीन में जिंदा दफ्न कर मार दिया जाता था, पर उन्होंने बेटियों को जीवित दफनाने जैसी क्रूर और अमानवीय परंपरा को पूरी तरह से अवैध और पाप घोषित किया और बेटियों को बोझ मानने की मानसिकता को बदला और कहा कि जो व्यक्ति अपनी बेटियों का अच्छे से पालन-पोषण करता है, उसके लिए वो जन्नत (स्वर्ग) में जाने का जरिया बनती हैं। पैगंबर हज़रत मोहम्मद ने कहा था कि अगर आपके पास दौलत है और आपका पड़ोसी तकलीफ में है तो सबसे पहले उसकी मदद करना इंसानियत का फर्ज है, चाहे वह किसी भी धर्म का हो। इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगंबर हज़रत मोहम्मद साहब ने पूरी दुनिया को मानवता, समानता, भाईचारे एवं शान्ति का खूबसूरत संदेश दिया था।

## तुमड़ीबोड़ में ग्रामीणों व व्यापारी संघ की बड़ी पहल : नेशनल हाईवे से 65 आवारा मवेशियों को रेस्क्यू कर पहुंचाया आश्रय स्थल

तुमड़ीबोड़ (दावा)। नेशनल हाईवे पर लगातार हो रहे सड़क हादसों और गौवंश की अकाल मृत्यु को रोकने के लिए तुमड़ीबोड़ के ग्रामवासियों और व्यापारी संघ ने एक सराहनीय कदम उठाया है। हाईवे पर बेसहारा घूम रहे 65 मवेशियों को सुरक्षित पकड़कर डिपो स्थित आश्रय स्थल पहुंचाया गया, जिससे हादसों पर अंकुश लगने की उम्मीद है।



### महीनेभर में कई हादसों में गई दर्जनों गौवंश की जान

ज्ञात हो कि पिछले एक महीने के भीतर तुमड़ीबोड़ से राजनांदगांव के बीच नेशनल हाईवे पर कई दर्दनाक सड़क हादसे हुए हैं। इन दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में गौवंश की अकाल मृत्यु हो चुकी थी, जबकि कई वाहन चालक भी चोटिल हुए। लगातार बिगड़ते हालातों को देखते हुए स्थानीय लोगों ने खुद कमान संभालने का निर्णय लिया।

### चारे और पानी का समुचित प्रबंध

ग्रामीणों के सहयोग से पकड़े गए सभी 65 मवेशियों के लिए आश्रय स्थल में पैरा, भूसा और पीने के पानी की मुकम्मल व्यवस्था की गई है। इस पहल से न केवल बेजुबानों को सुरक्षित ठिकाना मिला है, बल्कि रात के वक्त हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

### विधायक दलेश्वर साहू ने की सराहना

डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ने ग्रामीणों और व्यापारी संघ के इस कार्य की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस जनपहल को शासन की शासकीय गौशाला योजना से जोड़ने का हर संभव प्रयास किया जाएगा, ताकि व्यवस्था स्थायी रूप से संचालित हो सके।

इस अभियान के दौरान व्यापारी संघ अध्यक्ष अजय जैन, संरक्षक सुरेश जैन, उपाध्यक्ष लीलाधर साहू, हीरालाल सिन्हा, चूरामन साहू, अशोक जैन, धर्म जैन, ऋषि जैन, सरपंच श्रीमती भुवनेश्वरी साहू, वाणी विलास पटेल (मोहित), ताराचंद जैन, कमलेश विश्वकर्मा, नरेश ठाकुर सहित भारी संख्या में व्यापारी संघ के सदस्य व पंचगण ग्रामवासी मौजूद रहे।

## आरसेटी बाजार में प्रशिक्षार्थियों ने दिखाई रचनात्मकता : कलेक्टर-सीईओ को बांधी स्वनिर्मित राखी

खैरागढ़ (दावा)। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान खैरागढ़ में उद्यमिता विकास प्रशिक्षण के तहत राखी निर्माण सीख रहीं महिला प्रशिक्षार्थियों ने अपने हुनर को सीधे बाजार से जोड़ते हुए आरसेटी बाजार का आयोजन किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षार्थियों को उत्पादों के प्रदर्शन व बिक्री के साथ वास्तविक बाजार का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना रहा।



**धान, गेहूं और बांस से तैयार राखियों ने खींचा ध्यान, स्थानीय उत्पादों से पेश की स्वरोजगार की मिसाल**

### प्राकृतिक व स्थानीय सामग्रियों से बनी राखियां रहीं आकर्षण का केंद्र

बाजार में प्रशिक्षार्थियों द्वारा धान, चावल, गेहूं, मूंग और बांस जैसी स्थानीय व प्राकृतिक सामग्रियों से तैयार की गई आकर्षक व पारंपरिक राखियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। महिलाओं ने साधारण वस्तुओं को कलात्मक रूप देकर यह साबित किया कि रचनात्मक सोच और हुनर के दम पर स्थानीय स्तर पर भी स्वरोजगार के बेहतरीन अवसर सृजित किए जा सकते हैं।

### कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को बांधी राखी

आयोजन के दौरान ग्राम टेकाडीह (जागृति स्व-सहायता समूह) की श्रीमती दुलेश्वरी जोशी, डोकराभाटा की बल्का देहरे तथा प्रशिक्षक राजेश्वरी अग्रवाल ने जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) प्रेम कुमार पटेल को अपने हाथों से बनाई राखियां बांधीं। कलेक्टर एवं सीईओ ने महिलाओं के इस नवाचार और कलात्मकता की मुक्तकंठ से सराहना की। अधिकारियों ने प्रशिक्षार्थियों को अपने कौशल का निरंतर उपयोग करने, उत्पादों को बेहतर बाजार दिलाने और स्वरोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### व्यावहारिक बाजार का मिला अनुभव

अग्रणी जिला प्रबंधक एवं प्रभारी निदेशक सी.एस. ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित इस बाजार ने महिलाओं को सीधे ग्राहकों से संवाद करने, उनकी पसंद समझने तथा बिक्री प्रबंधन का अनुभव कराया। आयोजन को सफल बनाने में आरसेटी फैकल्टी ओम मिश्रा, अभिषेक तिवारी तथा कार्यालय सहायक संतोष कुमार कार्की का विशेष योगदान रहा।

## आदिवासी अंचल की तीन बेटियों का एमबीबीएस में चयन, बढ़ाया क्षेत्र का गौरव





मोहला (दावा)। मानपुर-अंबागढ़ चौकी आदिवासी अंचल की तीन होनहार बेटियों ने अपनी मेहनत, लगन और शिक्षा के प्रति समर्पण से चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। कु. मिनाक्षी भंडारी, कु. हिमांशी ढाले एवं कु. राधिका अमिला का एमबीबीएस में चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ पूरे आदिवासी समाज और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। ग्राम बोगाटोला (कुम्हली) निवासी कु. मिनाक्षी भंडारी का चयन मेडिकल कॉलेज कांकेर, ग्राम विजयपुर निवासी कु. हिमांशी ढाले पिता रविंद्र ढाले का चयन मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर तथा ग्राम केशला पोस्ट ककईपार, तहसील मोहला निवासी कु. राधिका अमिला पिता चम्पू राम अमिला का चयन सिम्स बिलासपुर में हुआ है। तीनों छात्राओं ने ग्रामीण परिवेश में रहते हुए सीमित संसाधनों के बीच कठिन परिश्रम कर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता न केवल उनके परिवार के लिए गौरव की बात है, बल्कि क्षेत्र के उन विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा है। जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सपना देख रहे हैं। इन बेटियों की उपलब्धि यह संदेश देती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत के साथ परिवार का सहयोग मिले, तो ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्र की बेटियां भी चिकित्सा जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकती हैं। उनकी सफलता से क्षेत्र के विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा है। चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रही इन बेटियों से भविष्य में ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों की सेवा की उम्मीद भी जुड़ी है। समाज के लोगों ने कहा कि इनकी उपलब्धि शिक्षा, संस्कार और मेहनत के संगम का परिणाम है। अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ, शाखा गोटाटोला, जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी सहित ब्लॉक एवं जिला समाज के अध्यक्ष, सचिव एवं पदाधिकारियों ने तीनों छात्राओं तथा उनके माता-पिता और परिवारजनों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। समाज पदाधिकारियों ने कहा कि इन बेटियों की सफलता पूरे आदिवासी समाज के लिए गर्व का विषय है और यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करेगी।

## पशुधन मित्र, प्राइवेट एआई कार्यकर्ता व मैत्री कर रहे पशुपालन से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य

राजनांदगांव (दावा)। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें ने बताया कि जिले में पशुधन मित्र द्वारा टीकाकरण, बधियाकरण सहित अन्य कार्य किए जाते है। इसी तरह प्राईवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता व मैत्री द्वारा टीकाकरण, बधियाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान सहित अन्य कार्य किए जाते है। पशुधन मित्र एवं प्राईवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता व मैत्री का चयन ग्राम पंचायत स्तर पर चयन किया जाता है तथा प्रशिक्षण उपरांत कार्यों का संपादन किया जाता है। इन सेवाओं के लिए पशुधन मित्र एवं प्राईवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता व मैत्री को कार्य आधारित मानदेय एवं बजट की उपलब्धता के आधार पर मानदेय प्रदाय किया जाता है।

## संत डॉ. खिलेश्वर नाथ ने किए मां बम्लेश्वरी के दर्शन, ट्रस्ट समिति ने किया आत्मीय स्वागत

**कामठी आश्रम के स्वयंसेवियों संग पहुंचे डोंगरगढ़, देश की सुख-समृद्धि और कुशलता की कामना की**



डोंगरगढ़ (दावा)। कामठी स्थित लहरी बाबा (वारकरी) आश्रम के प्रमुख संत डॉ. खिलेश्वर नाथ उर्फ तुकड़ो बाबा ने अपने स्वयंसेवियों के साथ धर्मनगरी डोंगरगढ़ पहुंचकर नीचे स्थित मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन-पूजन किए। इस दौरान उन्होंने मां भगवती की विधिवत पूजा-अर्चना कर देश की समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। संत डॉ. खिलेश्वर नाथ के मंदिर आगमन पर मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति द्वारा उनका भव्य एवं आत्मीय स्वागत व सम्मान किया गया।

मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने संतश्री को शॉल-श्रीफल व प्रसाद भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश मिश्रा, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, कोषाध्यक्ष पीताम्बर स्वामी, मंत्री महेन्द्र परिहार, सहमंत्री बबलू शांडिल्य, नितिन हरिप्रसाद अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, संजय श्रीवास्तव, प्रकाश बिंदल, संजीव गोमास्ता, गौतमचंद चोपड़ा, श्रीमती सुषमा कोठारी तथा ट्रस्ट के कर्मचारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उक्त जानकारी श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ के मंत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ता महेन्द्र परिहार द्वारा दी गई।

## सोशल मीडिया पर धार्मिक टिप्पणी का मामला : विहिप-बजरंग दल की शिकायत के बाद युवक ने मांगी लिखित माफी

डोंगरगढ़ (दावा)। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर सनातन धर्म और हिंदू धार्मिक मान्यताओं को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) एवं बजरंग दल प्रखंड डोंगरगढ़ द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के बाद संबंधित युवक ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए हस्तलिखित माफीनामा प्रस्तुत कर समाज से क्षमा याचना की है। विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने डोंगरगढ़ थाना प्रभारी को सौंपे ज्ञापन में आरोप लगाया था कि बुधवारी पारा निवासी अनिल यादव (पिता भागवत यादव) द्वारा अपनी फेसबुक प्रोफाइल से सनातन धर्म, हिंदू देवी-देवताओं, मंदिरों और पूजा-पाठ की परंपराओं पर लगातार उपहासात्मक व आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा रही थीं।



**फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप, युवक ने भविष्य में दोबारा ऐसा न करने का दिया वचन**

शिकायतकर्ताओं ने कहा था कि इस प्रकार की पोस्ट से धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं और सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका है। अतः मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।

### हाथ जोड़कर मांगी माफी, दिया आश्वासन

विहिप नगर अध्यक्ष बाल मुकुंद तराने ने बताया कि थाने में शिकायत दर्ज होने के बाद युवक अनिल यादव ने अपनी गलती को स्वीकार किया। युवक ने एक हस्तलिखित माफीनामा प्रस्तुत करते हुए फेसबुक पर की गई टिप्पणियों के लिए सभी सनातन धर्मावलंबियों से हाथ जोड़कर माफी मांगी है। माफीनामे में उसने स्पष्ट किया है कि भविष्य में उसके द्वारा किसी भी धर्म या आस्था के विरुद्ध इस प्रकार की कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट अथवा टिप्पणी नहीं की जाएगी।

## हर्षोल्लास के साथ मना जश्ने ईद मिलादुन्नबी, जामा मस्जिद से निकला भव्य जुलूस

गंडई पंडरिया (दावा)। इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगम्बर हज़रत मुहम्मद मुस्तफा सलअल्लाहुताला अलैहि वसल्लम की पैदाइश के पाक मौके पर नगर में बड़े उत्साह व हर्षोल्लास के साथ जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर जामा मस्जिद से भव्य जुलूस निकाला गया जो जिसमें बच्चों, बुजुर्गों सहित मुस्लिम समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। जुलूस नगर के तिरंगा चौंक, कोपेभांटा सहित अन्य प्रमुख मोहल्लों से गुजरा। जहां जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया गया। इस बीच समाज के लोगों नारा ए तकबीर अल्लाहु अकबर, नारा ए रिसालत या रसूल अल्लाह के नारे लगाए और नाता खां ने अपनी मधुर आवाज से पूरे माहौल को खुशनुमा बनाया। वहीं तिरंगा चौंक में जामा मस्जिद के पेश इमाम ने पैग़म्बरे इस्लाम की जीवन पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि हज़रत मुहम्मद दुनिया में शांति के मसीहा बनकर आए। उन्होंने ने हमेशा हर वर्ग के लोगों साथ दिया। कभी किसी के लिए बद्दुआ नहीं की और हमेशा गरीबों का साथ दिया।



**तिरंगा चौक पर पेश इमाम ने दी पैगंबर की शिक्षाएं, मुल्क में अमन-चैन व भाईचारे के लिए मांगी दुआ**

नगर के मोहल्लों से होता हुआ जुलूस आखिर जामा मस्जिद में समाप्त हुआ। यहां पेश इमाम ने मुल्क और मिल्लत की खुशहाली, भाईचारा, अमन, चैन के लिए दुआ कराई। जिसके बाद इमाम ने परचम कुशाई की रश्म अदा की। इस पूरे अवसर पर जामा मस्जिद के सदर पूर्व नपं उपाध्यक्ष जावेद खान, अय्यूब कुरैशी कलीम खान, यासीन नियाज़ी, शकील नियाज़ी, यूसुफ खान, जाहिद खान, यावर नियाज़ी, मुशरान कुरैशी, असीर खान, परवेज़ मेमन सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में परवेज खान, मोइन खान, वारिस अली, यशब खान सहित अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## लालूटोला में अकीदत व उत्साह के साथ मना ईद-मिलादुन्नबी, निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

छुरिया (दावा)। इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के यौम-ए-पैदाइश (जन्मदिन) के मुबारक मौके पर क्षेत्र के ग्राम लालूटोला में ईद-मिलादुन्नबी का पर्व अकीदत, एहतराम और बेहद उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अकीदतमंदों द्वारा भव्य जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जिसमें शामिल समाजजनों ने पैगंबर साहब की शान में नात-ख्वानी करते हुए नारे बुलंद किए। पर्व को लेकर मुस्लिम समाज में सुबह से ही खासा उत्साह रहा। इस उपलक्ष्य में लालूटोला स्थित मस्जिद को आकर्षक एवं रंग-बिरंगी विद्युत रोशनी से सजाया गया था।



### परचम कुशाई और अमन की दुआ

मस्जिद परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के दौरान हाफिज निशार अहमद अंसारी द्वारा अकीदत के साथ परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। इसके बाद मुल्क और दुनिया में अमन-चैन, खुशहाली, भाईचारे और तरक्की के लिए विशेष दुआ मांगी गई। नमाज और जुलूस के बाद समाज के लोगों ने मुसाफहा कर और एक-दूसरे को गले लगाकर ईद-मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी। पर्व की खुशी में घरों में विशेष पकवान व खीर बनाई गई। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशियां साझा कीं। इस रूहानी व पारंपरिक आयोजन में जमात के सदर रोशन खान, अकबर खान, हाजी रफीक खान सहित बड़ी संख्या में जमाती, स्थानीय ग्रामीण एवं अकीदतमंद उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### पाकिस्तान महिला टीम की Aiman Anwer ने क्रिकेट को कहा अलविदा

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार, 26 अगस्त को पुष्टि की कि तेज गेंदबाज ऐमन अनवर ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। अनवर ने 2016 में पाकिस्तान महिला टीम के लिए डेब्यू किया था और 37 T20I मैच खेले। संयोग से वह अपनी टीम के लिए T20I खेलने वाली 37वीं खिलाड़ी बनीं। उन्होंने पाकिस्तान के लिए आठ वनडे मैच भी खेले।नेशनल टीम के लिए उनका आखिरी मैच दक्षिण अफ्रीका में ICC महिला T20 वर्ल्ड कप 2023 में था। 34 साल की इस खिलाड़ी के नाम T20I में 29 और ODI फॉर्मेट में 4 विकेट हैं। फटाफट क्रिकेट में उनकी औसत 29.44 की और इकोनॉमी 6.98 की रही। उनका बेस्ट प्रदर्शन 3/30 है। वहीं वनडे में अनवर की औसत 45.50 और इकोनॉमी 4.13 की रही। 1/13 इस प्रारूप में उनका बेस्ट गेंदबाजी प्रदर्शन है। अनवर उस पाकिस्तानी टीम का भी हिस्सा थीं जिसने 2018, 2020 और 2023 में महिला टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया था। उन्होंने 2022 में न्यूजीलैंड में हुए ICC महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में भी खेला था। इंग्लैंड के खिलाफ लीग स्टेज का मैच इस तेज गेंदबाज का टीम के लिए आखिरी ODI मैच था। वहीं, पाकिस्तान के लिए अनवर का आखिरी T20I मैच 2023 टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज में वेस्टइंडीज के खिलाफ था।

### वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लेजेंड्स का तीसरा सीजन 3 अक्टूबर से

नई दिल्ली। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लेजेंड्स के तीसरे सीजन की 3 अक्टूबर से शुरुआत होगी। 18 अक्टूबर तक होने वाली यह लीग पहली बार यूनाइटेड अरब एमिरेट्स में आयोजित होगी। च में दो रिकॉर्ड-तोड़ सीजन के बाद WCL का तीसरा सीजन और भी बड़ा, शानदार और रोमांचक होने वाला है। इसमें क्रिकेट के महान खिलाड़ी एक साथ आएंगे। तीसरे सीजन में दिग्गज इंटरनेशनल क्रिकेटरों का और भी मजबूत ग्रुप देखने को मिलेगा। इसमें युवराज सिंह, एबी डिविलियर्स, ड्वेन ब्रावो, शाहिद अफरीदी और मोईन अली जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। साथ ही डेविड वॉर्नर और मोहम्मद महमुदुल्लाह जैसे बड़े खिलाड़ी भी इसमें शामिल होंगे।

WCL सीजन 3 की लाइनअप में 'बांग्लादेश चैंपियंस' के शामिल होने से टूर्नामेंट में इंटरनेशनल भागीदारी और बढ़ गई है। पहले सीजन में 'इंडिया चैंपियंस' ने 'पाकिस्तान चैंपियंस' को हराकर पहला WCL खिताब जीता था। दूसरे सीजन के रोमांचक फाइनल में 'साउथ अफ्रीका चैंपियंस' ने 'पाकिस्तान चैंपियंस' को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी।

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लेजेंड्स के फाउंडर और CEO हर्षित तोमर ने कहा, सीजन 3 बहुत खास होने वाला है। हम पहली बार WCL को UAE ले जा रहे हैं, ताकि फैंस को ऐसा अनुभव मिल सके जो उन्होंने पहले कभी नहीं देखा। हम क्रिकेट के सबसे बड़े नामों और अब तक के सबसे बड़े सरप्राइज लाने का वादा करते हैं। सीजन 3 अब तक का हमारा सबसे बड़ा और सबसे रोमांचक सीजन होने वाला है। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लेजेंड्स के को-ओनर अजय देवगन ने कहा, WCL सिर्फ एक क्रिकेट लीग से कहीं ज्यादा है। यह एक ही प्लेटफॉर्म पर इमोशन, पुरानी यादों और एंटरटेनमेंट का संगम है। सीजन 3 का बेसब्री से इंतजार है, यह अब तक का हमारा सबसे बोल्ड सीजन होने वाला है।

### छग के रुद्रप्रताप देहारी का मुंबई इंडियंस-रिलायंस टीम में हुआ सेलेक्शन

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के कटेकल्याण के जंगलों से निकलकर तेज गेंदबाज रुद्रप्रताप देहारी अब दक्षिण अफ्रीका की पिचों पर अपनी रफ्तार का जादू बिखेरते नजर आने वाले हैं। 140 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से गेंदबाजी करने वाले रुद्रप्रताप का सेलेक्शन मुंबई इंडियंस-रिलायंस टीम में हुआ है। रुद्रप्रताप देहारी 10 अगस्त को टीम के साथ दक्षिण अफ्रीका की उड़ान भरेंगे।

रुद्रप्रताप देहारी के लिए यह सफर जरा भी आसान नहीं था। 4 साल पहले बेहतर मौके की तलाश में रुद्रप्रताप कटेकल्याण से जगदलपुर पहुंचे। यहां लोकल क्रिकेटर प्रदीप गुहा की अकादमी में उन्हें अपनी तेज गेंदबाजी को तराशने का अवसर मिला। इसी अकादमी में उन्होंने पहली बार ड्यूक बॉल से प्रैक्टिस शुरू की।

रुद्रप्रताप जब अकादमी पहुंचे, तभी वहा काफी रफ्तार से बॉलिंग करते थे। उनकी गति को जानने के लिए प्रदीप गुहा ने स्पीड मशीन भी खरीदी। उस समय रुद्रप्रताप 120 से 125 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते थे। लगातार अभ्यास और मेहनत के बाद उनकी गति बढ़ती गई। अब वह 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बॉलिंग कर रहे हैं। रुद्रप्रताप ने अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी, वीनू मांकड़ ट्राफी और अंडर-23 सीके नायडू ट्राफी में अपनी गेंदबाजी से कमाल किया है। पिछले दो सालों में कूच बिहार और सीके नायडू ट्राफी में उनके प्रदर्शन ने सेलेक्टर्स का ध्यान आकर्षित किया।

## यूएस ओपन : सेरेना विलियम्स, कार्लोस अल्काराज की मिक्स्ड डबल्स जोड़ी क्वार्टरफाइनल में हारी



न्यूयॉर्क । सेरेना विलियम्स और कार्लोस अल्काराज का यूएस ओपन मिक्स्ड डबल्स का सफर क्वार्टरफाइनल में फ्लेवियो कोबोली और बेलिंडा बेनसिक से हारकर समाप्त हो गया। विलियम्स और अल्काराज की जोड़ी को 5-4(4), 4-1 से हार का सामना करना पड़ा। विलियम्स और अल्काराज ने शुरुआत में कई गलतियां कीं, जिससे कोबोली और बेनसिक को फायदा मिला। कोबोली ने टाई-ब्रेक में अपना दम दिखाया और ऐस लगाकर पहला सेट अपने नाम कर लिया। स्विस-इटैलियन जोड़ी दूसरे सेट में और भी जबरदस्त नजर आई। उन्होंने बिना किसी गलती के जीत हासिल की और अमेरिकी-स्पेनिश जोड़ी के सफर को समाप्त कर दिया। कोबोली और बेनसिक का सेमीफाइनल में एलिना स्वितोलिना और गेल मोनफिल्स के खिलाफ मुकाबला होगा। बेनसिक ने कहा, मुझे नहीं पता कि मैं इस कोर्ट पर कैसे आ गई - कार्लोस और सेरेना के साथ खेलना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है।

विलियम्स के लिए, यह हार यूएस ओपन वेन्यू पर इमोशनल वापसी के बाद आई। उन्होंने आखिरी बार 2022 में यूएस ओपन में हिस्सा लिया था। 44 साल की विलियम्स का आर्थर ऐश स्टेडियम में जोरदार तालियों से स्वागत किया गया। फैंस उनकी मौजूदगी का जश्न मना रहे थे। विलियम्स और अल्काराज ने अपने शुरुआती राउंड की जीत में तालमेल दिखाया था, और पूरे मैच में मुस्कुराते और हंसते रहे। विलियम्स ने अपनी खास ताकत का भी नमूना दिखाया, 120 एमपीएच की रफ्तार से ऐस मारा जिससे भीड़ जोर-जोर से चिल्लाने लगी। अलकाराज, जो चोट की वजह से अप्रैल से नहीं खेले थे, ने अपनी शुरुआती थकान को दूर किया और मैचिंग रॉयल पर्पल कपड़ों में कोर्ट पर गले मिलने से पहले फोरहैंड विनर से शुरुआती राउंड की जीत पक्की कर ली।

## सोनल दिनुशा के शतक के बावजूद फॉलोऑन नहीं टाल सकी श्रीलंका, पहली पारी 290 पर सिमटी





कोलंबो। श्रीलंका को भारत के खिलाफ कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में फॉलोऑन खेलना पड़ा है। टेस्ट के चौथे दिन श्रीलंका की पहली पारी 290 रन पर सिमट गई। पहली पारी में भारतीय टीम से 213 रन से पिछड़ी श्रीलंका को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा है। श्रीलंका ने चौथे दिन की शुरुआत 8 विकेट पर 265 रन से की। आखिरी दोनों विकेट 25 रन जोड़ कर गिर गए। पूरी टीम 290 रन पर सिमट गई। चौथे दिन का मुख्य आकर्षण सोनल दिनुशा का शतक रहा। तीसरे दिन 85 रन पर नाबाद लौटे दिनुशा ने बेहतरीन शतक लगाया। वह 162 गेंदों पर 3 छक्कों और 8 चौकों की मदद से 103 रन बनाकर आउट हुए। सीरीज में दिनुशा का यह दूसरा शतक है। इसके पहले पसिंदु सोरियाबंदरा ने तीसरे दिन 80 रन की पारी खेली थी। चौथे दिन श्रीलंका के दोनों विकेट अपना पहला टेस्ट खेल रहे सारांश जैन के खाते में गए। सारांश ने दिनुशा के अलावा लाहिरु कुमारा का विकेट लिया। इसके अलावा, प्रसिद्ध कृष्णा और मानव सुथार ने 3-3 और सिराज-जडेजा ने 1-1 विकेट लिए। रिपोर्ट लिखे जाने तक श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी में 10.5 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 43 रन बना लिए हैं। कामिल मिशारा 20 और पसिंदु सोरियाबंदरा 20 रन पर खेल रहे हैं। लाहिरु उदारा दूसरी पारी में भी फ्लॉप रहे और मात्र 3 रन बनाकर सिराज का शिकार बने।

भारत ने अपनी पहली पारी 9 विकेट पर 509 रन बनाकर घोषित की थी। भारत के लिए देवदत्त पड्डिकल ने सीरीज का दूसरा शतक लगाते हुए 117 रन की पारी खेली थी। वहीं, ध्रुव जुरेल ने भी शतक लगाते हुए 177 गेंद पर नाबाद 115 रन बनाए थे। इसके अलावा, ऋषभ पंत ने 63, शुभमन गिल ने 50 और यशस्वी जायसवाल ने 45 रन की पारी खेली थी।

## अर्जेंटीना का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना भारत



नई दिल्ली। भारत और अर्जेंटीना के बीच व्यापारिक संबंध हाल के समय में मजबूत हुए हैं। भारत में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो कॉसिनो की ओर से साझा जानकारी के अनुसार, 2026 के सात महीनों के अंदर दोनों देशों के बीच व्यापार 41 करोड़ 27 लाख 87 हजार 370 रुपए तक पहुंच गया है।

राजदूत मारियानो कॉसिनो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, अर्जेंटीना हाल के सालों के व्यापार को जारी रखते हुए भारत के साथ अपने व्यापारिक संबंध को मजबूत कर रहा है। 2026 के पहले सात महीनों के दौरान भारत हमारे देश का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया, जो जनवरी-जुलाई 2026 के बीच 4.335 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।

इससे पहले उन्होंने समाचार एजेंसी एजेंसी आईएएनएस के साथ एक्सक्लूसिव बातचीत के दौरान कहा था कि भारत-अर्जेंटीना की अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे की पूरक हैं। द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने के बाद दोनों देश अलग-अलग लक्ष्यों को हासिल करने के लिए काम जारी रखे हुए हैं।

दरअसल, सोमवार को नई दिल्ली में जनरल जोस डी सैन मार्टिन को श्रद्धांजलि देने और उनकी स्मृति में आयोजित कार्यक्रम के मौके पर उन्होंने कहा था, दोनों देशों के बीच संबंध बहुत अच्छे हैं। अर्जेंटीना और भारत छह अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के व्यापारिक संबंध का आनंद ले रहे हैं। हम (भारत-अर्जेंटीना) बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।

## विमेंस एशिया कप, पहली बार खेल रही इंडोनेशिया ने किया टीम का ऐलान




नई दिल्ली । महिला एशिया कप 2026 का आयोजन 28 अगस्त से 13 सितंबर तक दुबई में होना है। इंडोनेशिया की महिला टीम ने पहली बार टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। टूर्नामेंट शुरू होने से ठीक 2 दिन पहले इंडोनेशिया ने अपनी टीम का भी ऐलान कर दिया है।

टूर्नामेंट के लिए टीम का ऐलान करने वाली इंडोनेशिया आखिरी टीम है। टीम युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। अनुभवी कप्तान नंदा सकारिनी टीम का नेतृत्व करेंगी, जबकि वेलिक के साथ मिलकर बेहतरीन बॉलिंग ग्रुप में शामिल होंगी। टीम में आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप 2023 की स्टार खिलाड़ी वेसिका रत्ना देवी, पुत्री सुवानदेवी और सांग मेयरपिरानी शामिल हैं। देसी वुलंडारी, ली कियाओ और नी काडेक एरियानी भी टीम का हिस्सा हैं। इंडोनेशियाई टीम का क्वालीफिकेशन कैंपेन बहुत अच्छा रहा, वे थाईलैंड से हारने से पहले सेमीफाइनल तक पहुंचीं, और तीसरे स्थान के प्ले-ऑफ में हांगकांग, चीन से हार गईं। टीम ने जून में एसीसी विमेंस प्रीमियर कप के जरिए क्वालीफाई किया था। पूरे इवेंट में टीम के लिए सिर्फ 11 सदस्य खेले थे। सकारिनी क्वालीफाइंग में टीम की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी थीं। इंडोनेशिया एशिया कप में ग्रुप बी का हिस्सा है। इस ग्रुप की अन्य तीन टीमें बांग्लादेश, श्रीलंका और यूएई हैं। एशिया कप कैंपेन में इंडोनेशिया का पहला मैच 31 अगस्त को बांग्लादेश के खिलाफ है, इसके बाद वे 2 सितंबर को श्रीलंका और 4 सितंबर को यूएई का सामना करेंगे। पहली हार टूर्नामेंट में उतरी इंडोनेशिया के प्रदर्शन पर क्रिकेट फैंस की नजर रहेगी।

महिला एशिया कप के लिए इंडोनेशिया की टीम- नंदा सकारिनी (कप्तान), काडेक विंडा प्रास्तिनी, रहमावती पंगेस्टुटी, वेसिका रत्ना देवी, राडा रानी, देसी वुलंडारी, पुत्री सुवांडेवी, किसी सलीसा कासे, सांग मेप्रियानी, नी काडेक एरियानी, डेर्नी बांगी, दारा अगुंग लक्ष्मी, ली कियाओ, मारिया कोराजोन वोम्बाकी, सोफिया वेलिक।

## अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने महाराष्ट्र में 4,700 करोड़ रुपए का ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट जीता





अहमदाबाद। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने बुधवार को ऐलान किया कि उसने कर्नाटक में पैदा होने वाली 4,500 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा को महाराष्ट्र के प्रमुख बिजली खपत केंद्रों तक पहुंचाने के लिए 4,700 करोड़ रुपए का ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट हासिल की है।

यह प्रोजेक्ट सतारा, पुणे और मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में तेजी से विकसित हो रहे पंप्ड स्टोरेज सिस्टम को भी सहयोग प्रदान करेगा। कंपनी के बयान के अनुसार, यह प्रोजेक्ट टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) प्रक्रिया के जरिए हासिल किया गया है, जिसमें एईएसएल सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी रही। एईएसएल के सीईओ कंदर्प पटेल ने कहा, पंप्ड स्टोरेज परियोजनाएं भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभर रही हैं। ये बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा को ग्रिड में शामिल करने के लिए जरूरी लचीलापन और विश्वसनीयता प्रदान करती हैं।

उन्होंने कहा कि सतारा ट्रांसमिशन परियोजना नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी और ऊर्जा भंडारण के विस्तार, दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण ट्रांसमिशन नेटवर्क तैयार करेगी। इससे दक्षिणी और पश्चिमी भारत के बीच बिजली के प्रवाह को मजबूत करने में मदद मिलेगी। स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) सतारा पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड के तहत इस प्रोजेक्ट को 36 महीनों के भीतर पूरा किया जाएगा।

कंपनी के अनुसार, प्रोजेक्ट के तहत एईएसएल के पोर्टफोलियो में 562 सर्किट किलोमीटर (सीकेएम) ट्रांसमिशन लाइनें और 9,000 एमवीए ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता जुड़ जाएगी। इसके बाद कंपनी का कुल ट्रांसमिशन नेटवर्क बढ़कर 29,739 सीकेएम और ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता 1,43,425 एमवीए हो जाएगी। पटेल ने कहा, एईएसएल भविष्य के लिए तैयार ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार को सक्षम बनाए, ग्रिड की स्थिरता बढ़ाए और भारत के दीर्घकालिक डीकार्बोनाइजेशन लक्ष्यों को समर्थन दे।

इस परियोजना में सतारा में 765/400 केवी सबस्टेशन की स्थापना, कोल्हापुर-सतारा 765 केवी डबल-सर्किट ट्रांसमिशन लाइन और संबंधित ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ कोल्हापुर पूलिंग स्टेशन का विस्तार शामिल है। भारत 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## न्यूयॉर्क वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है : रोजर फेडरर



न्यूयॉर्क। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर का आर्थर ऐश स्टेडियम में एक यादगार एग्जिबिशन नाइट के दौरान हीरो जैसा स्वागत किया गया। दुनिया के सबसे बड़े टेनिस स्टेडियम में घुसते ही तालियों से स्वागत किया गया। इस अवसर पर 20 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने कहा कि न्यूयॉर्क वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है।

फेडरर ने कहा, न्यूयॉर्क वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह अविश्वसनीय है। मेरे पास इस कोर्ट, यहां के फैंस, शहर की अविश्वसनीय यादें हैं। 2004, 2005 में – यहीं से सब कुछ शुरू हुआ, यहां की जीतों के साथ न्यूयॉर्क के लिए मेरा प्यार। फेडरर ने कहा, मुझे पहले दिन से ही इस शहर और इस कोर्ट से प्यार हो गया था। पूर्व खिलाड़ी ने 2004-2008 तक लगातार पांच यूएस ओपन जीते और टूर्नामेंट और शहर के साथ अपने खास कनेक्शन के बारे में बात की।

स्विस खिलाड़ी ने आर्थर ऐश स्टेडियम के सेंटर कोर्ट पर अपनी पहली मौजूदगी को याद किया, जो 2001 में अगासी के खिलाफ थी। फेडरर वह मुकाबला सीधे सेटों में हार गए थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**कुदरत का कहर: नेपाल में बाढ़....**

लिए एनडीआरएफ की टीम रवाना की जा रही है, जबकि मुजफ्फरपुर में टीम को पूरी तरह स्टैंडबाय रखा गया है। इसके अलावा, बेतिया में भी कुछ ही घंटों के भीतर एनडीआरएफ की तैनाती कर दी जाएगी। सरकार की ओर से यह निर्देश भी दिए गए हैं कि जरूरत पड़ने पर प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत नावें, सुरक्षित आश्रय स्थल (शेल्टर) और सामुदायिक रसोई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**नेपाल में भयानक बाढ़: पीएम मोदी ने....**

मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह तैयार है। हमारे राहत और बचाव दल इस दिशा में आपसी तालमेल के साथ तेजी से काम कर रहे हैं। सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, पड़ोसी देश में आई इस भयंकर आपदा के मद्देनजर भारत जल्द से जल्द राहत सामग्री भेजने की तैयारी में जुटा हुआ है।

**बाढ़ से 11 हाइड्रो पावर प्लांट....**

वित्तीय संस्थानों के दफ्तरों में पानी व कीचड़ भर गया, जिससे रिकॉर्ड और इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम बर्बाद हो गए हैं। वहीं 25 से अधिक टेलीकॉम टावर और ऑप्टिकल फाइबर केबल क्षतिग्रस्त होने से संचार व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नेटवर्क न होने के कारण लोग अपने परिजनों से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं और आपदा प्रबंधन टीमों को भी समन्वय बनाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। आपदा की गंभीरता को देखते हुए नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने आपातकालीन समीक्षा बैठक की और सेना, सशस्त्र पुलिस बल तथा प्रशासनिक अमले को राहत कार्य में झोंक दिया है। त्रिशूली बाजार और रसुवा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दो सैन्य हेलिकॉप्टर तैनात कर फंसे हुए लोगों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। नदी किनारे बसे निचले इलाकों में रहने वाले नागरिकों को ऊंचे और सुरक्षित स्थानों पर जाने की सख्त चेतावनी जारी की गई है।

**छत्तीसगढ़ में IGKV पेपर लीक...**

लीक किए थे। जांच के बाद विवि प्रबंधन ने भारती कालेज को नोटिस जारी किया है। नोटिस जारी कर कालेज को जवाब मांगा गया है। 10 दिन के भीतर जवाब देने कहा गया है। नहीं तो कालेज को डिफाल्टर घोषित कर दिया जाएगा। विवि प्रबंधन का कहना है कि कालेज में ही गए लिफाफे में छेड़छाड़ हुए। इसमें सहायक प्रोफेसर योगेश सोनकेसरिया ही संलिप्त दिख रहा है।

**60 साल से अधिक उम्र की महिलाएं...**

सरकार आई तो अराजकता को उत्सव बना दिया गया है। सरकार की हर योजना का केंद्र बेटी है। पहले तो हर योजना में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी होती थी। अब बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को जेल या जहन्नुम में कोई एक जगह मिलेगी। पहले बेटियों की सुरक्षा किस्मत पर निर्भर थी पर अब सिस्टम और तकनीक पर आधारित है।

## मातृत्व अधिकार पर हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी, छुट्टी की कमी बताकर महिला कर्मचारी का लाभ नहीं रोक सकते

बिलासपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने महिला कर्मचारियों के मातृत्व अधिकारों को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मिसकैरेज के दौरान लिया गया अवकाश बाद की गर्भावस्था के मातृत्व अवकाश में समायोजित नहीं किया जा सकता। वहीं, केवल कर्मचारी के लीव बैलेंस में कमी का हवाला देकर उसे मातृत्व लाभ से वंचित करना भी उचित नहीं है।



चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई) की अपील खारिज करते हुए सिंगल बेंच के फैसले को बरकरार रखा। मामले में एफसीआई की रायपुर जिला कार्यालय में असिस्टेंट ग्रेड-2 के पद पर कार्यरत किरण गौतम शर्मा को राहत मिली है। दरअसल, वर्ष 2019 में किरण जुड़वा बच्चों की गर्भवती थीं।

25 अप्रैल को मेडिकल जटिलता के कारण एक भ्रूण का मिसकैरेज हो गया, जबकि दूसरे भ्रूण की गर्भावस्था को डॉक्टरों ने हाई रिस्क बताया था। उन्हें लंबे समय तक बेड रेस्ट की सलाह दी गई। बाद में 3 सितंबर 2019 को उन्होंने एक बच्ची को जन्म दिया।

एफसीआई ने उनके 68 दिनों के अवकाश को एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी लीव मानते हुए उस अवधि का वेतन रोक दिया था। इससे उनके वेतन से 80,254 रुपये की कटौती हुई। मामला हाईकोर्ट पहुंचा तो सिंगल बेंच ने 13 मई 2026 को महिला कर्मचारी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए मिसकैरेज और मातृत्व अवकाश के कुल 90 दिनों का लाभ देने तथा वेतन कटौती रद्द करने का निर्देश दिया।

एफसीआई ने इस फैसले को डिवीजन बेंच में चुनौती दी, लेकिन अदालत ने अपील खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि मातृत्व लाभ महिला के स्वास्थ्य, सम्मान और कल्याण से जुड़ा अधिकार है। इसे महज तकनीकी आधार या लीव बैलेंस की कमी के कारण नहीं छीना जा सकता। हालांकि, निजी अस्पताल के इलाज के खर्च की प्रतिपूर्ति पर कोर्ट ने सीधे भुगतान का आदेश नहीं दिया। संबंधित विभाग को दस्तावेजों की जांच कर नियमानुसार नए सिरे से निर्णय लेने को कहा गया है।

## बाबा कर्मेश्वर धाम पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, किया रुद्राभिषेक; प्रदेश की खुशहाली की कामना



रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के ग्राम कर्रा में बुधवार को धार्मिक आस्था और भक्ति का माहौल देखने को मिला। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय यहां आयोजित श्री महारुद्र यज्ञ और शिव पुराण कथा में शामिल हुए। उन्होंने प्राचीन बाबा कर्मेश्वर धाम पहुंचकर भगवान शिव का विधि-विधान से रुद्राभिषेक और पूजा-अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि कर्रा की पावन धरती पर महारुद्र यज्ञ और शिव पुराण कथा का आयोजन सौभाग्य की बात है। उन्होंने कथावाचक आचार्य दिव्यानंद महाराज और आयोजन समिति को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा पूरे छत्तीसगढ़ पर बनी रहे और हर परिवार में सुख-शांति का वास हो।

मुख्यमंत्री ने ग्राम कर्रा में मंगल भवन निर्माण की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए जरूरी कार्यों को प्राथमिकता से आगे बढ़ाया जाएगा। साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत बेहद समृद्ध है। राज्य सरकार प्रमुख शक्तिपीठों को धार्मिक कॉरिडोर के रूप में जोड़ने की दिशा में काम कर रही है। इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत अब तक करीब 50 हजार श्रद्धालु अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन कर चुके हैं। वहीं तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से देश के 19 प्रमुख तीर्थ स्थलों की यात्रा की सुविधा दी जा रही है और करीब 10 हजार लोग इसका लाभ उठा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम 3.0' अभियान के तहत अपनी माता जसमनी देवी साय के नाम पर रुद्राक्ष का पौधा लगाया। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने भी बेल का पौधा रोपा। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और श्रद्धालु मौजूद रहे।

# राजनांदगांव के युवाओं ने नशे के खिलाफ लिया संकल्प, राष्ट्र निर्माण में योगदान का दिया संदेश



नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत-संकल्प अभियान के तहत दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का समापन

राजनांदगांव (दावा)। केंद्रीय संचार ब्यूरो रायपुर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय राजनांदगांव में आयोजित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हुआ। 24 एवं 25 अगस्त को आयोजित यह कार्यक्रम नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत-संकल्प अभियान के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और अपनी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण में लगाने का संदेश दिया गया।

### मादक पदार्थों की तस्करी और नियंत्रण की दी जानकारी

कार्यक्रम के दूसरे दिन मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) रायपुर के अधीक्षक अनिल कुमार ने मादक पदार्थों की तस्करी, नियंत्रण और नशे के दुष्परिणामों पर पीपीटी प्रस्तुति दी। उन्होंने युवाओं को नशे से बचाव में उनकी भूमिका तथा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने नशामुक्ति से संबंधित मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 के बारे में भी बताया। विद्यार्थियों ने नशे, मादक पदार्थों की तस्करी, इसके दुष्परिणाम और बचाव से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे। अनिल कुमार ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का विस्तारपूर्वक समाधान किया और नशे से दूर रहने के लिए जागरूक एवं सतर्क रहने का आह्वान किया।

### निबंध और भाषण प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण, युवाओं की भूमिका और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर अपनी विचारशीलता एवं रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। सक्रिय रूप से भाग लेने वाले विद्यार्थियों को केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से सहभागिता प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए।

### युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ हुआ समापन

कार्यक्रम में महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एसआर कनोजे, सामाजिक कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, ब्रह्माकुमारी केंद्र के प्रतिनिधि, प्राध्यापकगण, एनएसएस स्वयंसेवक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# वाणिज्य विभाग द्वारा रोजगार मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन

विद्यार्थियों को चार्टर्ड अकाउंटेंट, कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट, कंपनी सेक्रेटरी, सहित विभिन्न जानकारी प्रदान की गई



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा 24 अगस्त को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. एस.के. उके के मार्गदर्शन में रोजगार मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में ष्ट (चार्टर्ड अकाउंटेंट) शिवानी ओस्तवाल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक सुमन कोचर द्वारा किया गया।

ओस्तवाल द्वारा विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उचित करियर विकल्प चुनने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने तथा विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की संभावनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को चार्टर्ड अकाउंटेंट, कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट, कंपनी सेक्रेटरी, सहित विभिन्न प्रोफेशनल कोर्सों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मैनेजमेंट, बैंकिंग, पब्लिक सेक्टर, सरकारी सेवाओं तथा अन्य रोजगार क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों एवं आवश्यक योग्यताओं के बारे में भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। विषय विशेषज्ञ द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि वाणिज्य के विद्यार्थियों के लिए वर्तमान समय में अनेक करियर विकल्प उपलब्ध हैं। केवल पारंपरिक रोजगार तक सीमित न रहकर विद्यार्थी अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुसार प्रोफेशनल कोर्स, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा उच्च शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में अपना भविष्य बना सकते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत सीए सहित विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा प्रणाली, अध्ययन की रणनीति तथा करियर की संभावनाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई।

कार्यक्रम में हृश्वङ्ग परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया। विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, समय-प्रबंधन, विषय की समझ तथा निरंतर अभ्यास के महत्व के बारे में बताया गया। विशेषज्ञ ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति गंभीर रहने तथा योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का समाधान भी किया गया। प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने ष्ट, ष्ट्र, ष्टस, बैंकिंग, सरकारी नौकरी, हृश्वङ्ग एवं अन्य करियर विकल्पों से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा सरल एवं संतोषजनक ढंग से उत्तर दिया गया। इस संवादात्मक सत्र से विद्यार्थियों को अपने भविष्य के संबंध में उचित निर्णय लेने में सहायता मिली। कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को अपने ज्ञान, कौशल एवं व्यावसायिक क्षमताओं का निरंतर विकास करना चाहिए।

# रक्षाबंधन से पहले बहनों को मिला स्नेहभरा उपहार - प्रतिमा पप्पू चंद्राकर



राजनांदगांव (दावा)। रक्षाबंधन पर्व से पहले महतारी वंदन योजना की सितंबर माह की 31वीं किस्त की राशि मातृशक्ति के खातों में जारी होने पर राजनांदगांव जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया है।

प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने कहा कि रक्षाबंधन से पहले प्रदेश की बहनों के खातों में पहुंची यह राशि उनके लिए स्नेहभरा उपहार है। इससे बहनों की खुशियां बढ़ेंगी और उन्हें अपने छोटे-बड़े सपनों को पूरा करने में आर्थिक सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार मातृशक्ति के सम्मान, खुशहाली और आर्थिक सशक्तीकरण को प्राथमिकता दे रही है। योजना के माध्यम से महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता मिलने से घरेलू जरूरतों को पूरा करने के साथ ही वे आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं। जनपद अध्यक्ष ने कहा कि रक्षाबंधन से पहले बहनों के खातों में राशि का अंतरण सरकार की महिला हितैषी सोच और मातृशक्ति के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है।

उन्होंने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश की सभी बहनों को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति का सम्मान, उनकी खुशहाली और आत्मनिर्भरता डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता है तथा महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए शासन की योजनाओं का लाभ निरंतर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जा रहा है।

# भगवानटोला में विकास की नई सौगात : पांच लाख के साहू सामुदायिक भवन का भूमिपूजन



मोहला (दावा)। ग्राम भगवानटोला, ग्राम पंचायत मुरेटिटोला, विकासखंड अंबागढ़ चौकी में 25 अगस्त को साहू समाज के लिए 5 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक इंद्रशाह मंडावी द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

सामुदायिक भवन की सौगात मिलने से साहू समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों के लिए एक सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा सामुदायिक भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। जिसे अब पूरा होने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान साहू समाज के लोगों एवं ग्रामीणजनों में उत्साह का माहौल रहा। समाजजनों ने माता कर्मा के जयघोष के साथ विधायक इंद्रशाह मंडावी का आत्मीय स्वागत करते हुए विकास कार्य की सौगात के लिए हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# साहू समाज में सामाजिक कुरीति पर प्रहार



मृत्यु भोज में पक्का कलेवा की प्रथा पर पूर्ण रोक का आह्वान

डोंगरगांव (दावा)। साहू समाज में सामाजिक कुरीतियों और अनावश्यक खर्चों को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। राजनांदगांव साहू समाज की महिला उपाध्यक्ष अंजू दिनेश साहू ने अपने मायके ग्राम आसरा में अपनी माता यमुनाबाई साहू के निधन के बाद आयोजित दशगात्र कार्यक्रम में मृत्यु भोज के दौरान होने वाली पक्का कलेवा की प्रथा को पूर्ण रूप से बंद करने का आह्वान किया। उन्होंने अपने परिवार के साथ ग्राम आसरा में दशगात्र के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक रूप से चली आ रही पक्का कलेवा की परंपरा को समाप्त करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत मृत्यु भोज में अनावश्यक एवं महंगे व्यंजनों के स्थान पर मेहमानों के लिए केवल चावल, दाल और सब्जी परोसने की व्यवस्था को अपनाया गया। इस पहल को सामाजिक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है तथा इसे आगे भी पूर्ण रूप से लागू करने का निर्णय लिया गया है।

इस विषय में अंजू दिनेश साहू ने कहा कि सामाजिक आयोजनों में होने वाले अनावश्यक खर्च से कई परिवारों पर आर्थिक बोझ पड़ता है। ऐसे में समाज में व्याप्त कुरीतियों और दिखावे की परंपराओं को समाप्त कर सादगी, सामाजिक अनुशासन और एकता को बढ़ावा देना जरूरी है। इसी उद्देश्य से मृत्यु भोज में पक्का कलेवा की प्रथा को बंद करने की पहल की गई है। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक एकता, अनुशासन और संगठनात्मक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए छत्तीसगढ़ साहू संघ की नियमावली (बायलॉज) का पालन करने का भी निर्णय लिया गया. समाज के पदाधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों ने सामाजिक नियमों का पालन करते हुए समाजहित में एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया।

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के साथ दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाएं - कलेक्टर



ई-डीएआर पोर्टल में दुर्घटना प्रकरणों की समय पर एंट्री और 24 घंटे में सत्यापन के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेकर जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। कलेक्टर ने नेशनल हाईवे पर हुई दुर्घटना पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को नेशनल हाईवे पर लगातार पेट्रोलिंग करने तथा सड़क पर आने वाले मवेशियों को हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि हाईवे पर मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नियमित निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने इन व्यवस्थाओं की लगातार मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने नेशनल हाईवे के किनारे बन रहे सर्विस लेन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राज इम्पीरियल के सामने दुर्घटना संभावित क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के लिए हाफ मास्ट लाइट लगाने तथा दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुर्घटना संभावित चौक-चौराहों एवं मार्गों का चिन्हांकन कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने कहा।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कई मामलों की ई-डीएआर पोर्टल में समय पर एवं सही तरीके से प्रविष्टि नहीं हो रही है। इसके कारण दुर्घटना पीड़ितों को प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत मिलने वाले उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधा का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई होती है। उन्होंने संबंधित विभागों एवं अस्पतालों के कर्मचारियों को पोर्टल पर दुर्घटना प्रकरणों की प्रविष्टि की प्रक्रिया का आवश्यक प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद अस्पताल द्वारा प्रकरण की ऑनलाइन प्रविष्टि किए जाने के पश्चात पुलिस विभाग द्वारा निर्धारित समय-सीमा में उसका सत्यापन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को दुर्घटना से संबंधित प्रकरणों का सत्यापन 24 घंटे के भीतर करने तथा पूरी प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि पीड़ित को उपचार की सुविधा बिना विलंब मिल सके। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री राहत योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मिलने वाले अधिकतम 7 दिवस तक के उपचार एवं 1 लाख 50 हजार रूपए तक के कैशलेस उपचार पैकेज की जानकारी दी गई।

# आज से शिक्षक साझा मंच की प्रांतव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षकों की विभिन्न लंबित मांगों, सेवा-सुरक्षा और अधिकारों को लेकर शिक्षक साझा मंच के आह्वान पर 27 अगस्त से पूरे प्रदेश में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू होने जा रही है।

इसी तारतम्य में शिक्षक साझा मंच के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जिले के प्रशासनिक एवं शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों को विधिवत ज्ञापन सौंपकर हड़ताल में शामिल होने की औपचारिक सूचना दी। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ), जिला पुलिस अधीक्षक, एसडीएम राजनांदगांव सहित राजनांदगांव, छुरिया, डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) और संबंधित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को ज्ञापन प्रेषित कर आंदोलन की रूपरेखा से अवगत कराया।

### लंबित मांगों पर ठोस पहल न होने से उपजा आक्रोश

यह ज्ञापन प्रांतीय संयोजक रवींद्र राठौर, विकास राजपूत, प्रदीप पांडेय एवं मनीष मिश्रा तथा जिला संयोजक रमेश कुमार साहू व छन्नू साहू के निर्देशानुसार सौंपा गया। शिक्षक नेताओं ने कहा कि शिक्षकों की विभिन्न जायज मांगें लंबे समय से शासन स्तर पर लंबित हैं। संगठन द्वारा लगातार लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से ध्यानाकर्षण कराया जाता रहा, किंतु शासन-प्रशासन द्वारा कोई ठोस व सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया। परिणामस्वरूप शिक्षकों को विवश होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का रास्ता चुनना पड़ा है।

### अधिकार और सम्मान की निर्णायक लड़ाई

मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि यह आंदोलन शिक्षकों के मान-सम्मान, सेवा-सुरक्षा और न्याय की पुनर्स्थापना के लिए है। उन्होंने जिले के समस्त शिक्षक संवर्ग से आह्वान किया कि वे चट्टानी एकजुटता का परिचय देते हुए पूर्ण अनुशासन और शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन को सफल बनाएं। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से शिक्षक साझा मंच के जिला संयोजक छन्नू लाल साहू, सह-संयोजक व छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला सचिव ओमप्रकाश साहू, जिला मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे, अजय कड़व, बंदीश नेमपांडे, ललित प्रताप सिंह, अमीन कुरैशी, राजनांदगांव ब्लॉक अध्यक्ष सूरज शर्मा, प्रफुल्ल कुमार झा, छुरिया ब्लॉक अध्यक्ष ऐकीरत गणवीर, डोंगरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष हीरालाल मौर्य, डोंगरगांव ब्लॉक अध्यक्ष प्यारे लाल साहू, खिलावन ठाकुर, मुकेश देवांगन, डेविड वर्मा, अश्विनी साहू, मनीष बडोले, खिलावन निर्मलकर, डालेश्वर देवांगन, चेतन दुबे, लेखदास साहू, भरत साहू सहित बड़ी संख्या में शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# नवगठित जिलों में संगठन को सक्रिय करने पर जोर : छग लोधी समाज की प्रदेश प्रबंधकारिणी की बैठक संपन्न



संगठन विस्तार, सामाजिक रीति-रिवाज व नवगठित जिलों के परिसीमन पर हुआ गंभीर मंथन

राजनांदगांव जिले में कार्यवाहक जिलाध्यक्ष की नियुक्ति को प्राथमिकता देने का प्रस्ताव : विष्णु लोधी

खैरागढ़ भूमि प्रकरण पर जांच समिति दोनों पक्षों को सुनकर प्रदेश अध्यक्ष को सौंपेगी तथ्यात्मक रिपोर्ट

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज की प्रदेश प्रबंधकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक डोंगरगढ़ स्थित लोधी भवन में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, सामाजिक एकता, रीति-रिवाजों, सर्किलों के परिसीमन तथा समाज के लंबित मामलों पर बिंदुवार विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश प्रबंधकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने-अपने रचनात्मक सुझाव प्रस्तुत किए।

### नवगठित जिलों में आगामी चुनाव तक हो कार्यवाहक जिलाध्यक्षों की व्यवस्था

बैठक में छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने संगठनात्मक परिस्थितियों पर विचार रखते हुए कहा कि प्रशासनिक रूप से राजनांदगांव से अलग होकर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले अस्तित्व में आ चुके हैं। सामाजिक संगठन को गतिशील बनाए रखने के लिए इन नवगठित जिलों में आगामी चुनाव तक आवश्यकतानुसार सर्वसम्मति से कार्यवाहक अथवा अंतरिम जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने चाहिए, ताकि समाज की गतिविधियां निरंतर और प्रभावी ढंग से संचालित हो सकें।

### राजनांदगांव जिले में संगठन को पुनः सक्रिय करने की मांग

विष्णु लोधी ने प्रस्ताव रखा कि राजनांदगांव जिले के सभी छह सर्किल अध्यक्षों द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाहक जिलाध्यक्ष की नियुक्ति का आग्रह किया गया है। वर्तमान जिलाध्यक्ष का कार्यक्षेत्र अब खैरागढ़ जिले से भी संबंधित है, जिससे राजनांदगांव में स्थानीय स्तर पर समन्वय की आवश्यकता महसूस की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विषय किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध नहीं है, बल्कि प्रशासनिक पुनर्गठन के बाद राजनांदगांव में बैठकों, सामाजिक आयोजनों और सर्किल समन्वय को पुनः मजबूत और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से है।

### अवंती ग्रामोदय समिति की खैरागढ़ भूमि प्रकरण पर जांच जारी

बैठक में खैरागढ़ के लारा बांध क्षेत्र में स्थित 'अवंती ग्रामोदय समिति' से संबंधित 0.65 डिसमिल भूमि के स्वामित्व विवाद पर भी चर्चा हुई। जांच समिति के अध्यक्ष विष्णु लोधी ने बताया कि भूमि के मालिकाना हक व पंजीयन की स्थिति स्पष्ट करने हेतु समिति प्रक्रियाधीन है। एक पक्ष की सुनवाई हो चुकी है और आवेदक पक्ष को भी पूरा अवसर देकर सुना जाएगा। दोनों पक्षों के साक्ष्य और दस्तावेजों के परीक्षण के उपरांत तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष को सौंपी जाएगी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी, महामंत्री कृष्ण कुमार सिगौर, भरत वर्मा, दशमत चंदेल, तीरथ चंदेल, किशोर वर्मा, चैन दास जंघेल, रामफल, द्वारिका दिला वर्मा सहित प्रदेश प्रबंधकारिणी के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# गंजपारा स्कूल के नन्हें बच्चों के बीच मनाया गया जन्मदिन : मासूम चेहरों पर बिखरी मुस्कान



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 37 स्थित गंजपारा प्राथमिक शाला में नन्हें-मुन्ने स्कूली बच्चों के साथ सादगी और आत्मीयता के साथ जन्मदिन मनाया गया। स्कूली बच्चों के बीच पहुंचे अतिथियों ने केक, मिष्ठान व पठन सामग्री बांटकर खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर बच्चों के साथ बिताए पलों को अत्यंत भावुक और आनंददायक बताते हुए कहा गया कि इन मासूम बच्चों की निश्छल मुस्कान और अपनत्व भरा स्नेह जीवन का सबसे अनमोल व यादगार उपहार है। बच्चों के साथ बैठकर उनकी बातें सुनी गईं और उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों ने स्कूली बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन की कामना की।

# जुलूस-ए-मोहम्मदी में उमड़ा जनसैलाब, धूमधाम से मना जश्ने ईद मिलादुन्नबी

## महापौर मधुसूदन यादव ने गंज चौक पहुंचकर दी शुभकामनाएं, अमन-चैन व भाईचारे का दिया संदेश








**राजनांदगांव (दावा)।** शहर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व अकीदत, शानो-शौकत और जबर्दस्त उत्साह के साथ मनाया गया। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के यौमे विलादत (जन्मदिन) के उपलक्ष्य में निकाले गए ऐतिहासिक जुलूस-ए-मोहम्मदी में समाजजनों का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। मुस्लिम समाज के अध्यक्ष रईस अहमद शकील ने बताया कि विभिन्न मोहल्लों से लोग जुलूस की शक्ल में जामा मस्जिद पहुंचे। इसके पश्चात दरूद शरीफ, सलातो-सलाम और 'नबी की आमद मरहबा' के गगनभेदी नारों के बीच मुख्य जुलूस प्रारंभ हुआ। परचम कुशाई और मीलाद के बाद मुल्क व कौम की तरक्की तथा अमन-चैन के लिए विशेष दुआ मांगी गई। यह जुलूस भारत माता चौक, गंज चौक, लोहार पारा, कसाई मोहल्ला, रामाधीन मार्ग, कामठी लाइन, गुड़ाखू लाइन, आजाद चौक और मानव मंदिर चौक से होते हुए इस्लाम चौक (जूनी हटरी) में संपन्न हुआ।

### महापौर ने गंज चौक पर किया इस्तकबाल

पूर्व सांसद एवं वर्तमान महापौर मधुसूदन यादव ने गंज चौक पहुंचकर जुलूस में शिरकत की और मुस्लिम समाजजनों को ईद मिलादुन्नबी की दिली मुबारकबाद दी। महापौर ने कहा कि राजनांदगांव की गंगा-जमुनी तहजीब और सामाजिक समरसता हमारी सबसे बड़ी पहचान व ताकत है। ऐसे पर्व समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को प्रगाढ़ करते हैं। इस दौरान पार्षद रानू जैन एवं पूर्व पार्षद नादान सेन भी मौजूद रहे।

### नफरत फैलाने वालों का बहिष्कार करने का आह्वान

मुस्लिम समाज के अध्यक्ष रईस अहमद शकील ने समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें पैगंबर साहब की शिक्षाओं और बताए रास्ते पर चलना चाहिए। उन्होंने आह्वान किया कि सभी अच्छे आचरण (अखलाक) और आपसी भाईचारे को जीवन में उतारें, इंसानियत व अमन को बढ़ावा दें तथा समाज को बांटने और नफरत फैलाने वाले तत्वों का बहिष्कार करें। जुलूस में नौनिहालों से लेकर युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए तथा पूरे मार्ग में सामाजिक सौहार्द का माहौल देखने को मिला। इस दौरान शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, रईस अहमद शकील, अमीन हुद्दा, समाजसेवी एच.बी. गाजी, डॉ. अफताब आलम, मो. इरफान शेख, शाहीद भाई, शरद खंडेलवाल, कमलजीत सिंह पिंटु, झम्मन देवांगन, हफीज खान आदि उपस्थित थे।

## ईद मिलादुन्नबी के जुलूस का पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर बुधवार 26 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा सदर लाइन में निकाले गए मिलादुन्नबी के जुलूस का पुष्पवर्षा कर भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जुलूस में शामिल मुस्लिम समाजजनों का स्वागत करते हुए जश्ने ईद मिलादुन्नबी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्साह एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण नजर आया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जुलूस पर पुष्पवर्षा कर सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर समाज में शांति, प्रेम और भाईचारा कायम रखने की कामना की। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष मो. इरफान शेख, जिला अध्यक्ष हैरी जोसेफ एवं प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी जहीर अब्बास की गरिमामयी उपस्थिति रही।

वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मुस्लिम समाजजनों को ईद मिलादुन्नबी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे पर्व समाज में प्रेम, सद्भाव और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर जिला सोशल मीडिया प्रभारी तबरेज खान, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी मैलकम दास, उत्तर मंडल अध्यक्ष अफसर खान, सह कोषाध्यक्ष मोनी मैथ्यू, सुरेंद्र पाल सिंह भाटिया, उपाध्यक्ष सलीम कुरैशी, प्रदेश कार्यकारी सदस्य रफीक खान, जिला मंत्री बशीर खान, जिला मंत्री तरन सिंह गरचा, कार्यालय प्रभारी अरशद खान, बूथ अध्यक्ष राहुल भोईर, बबलू साहू एवं मुकेश रजक सहित भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि जश्ने ईद मिलादुन्नबी केवल धार्मिक आस्था का पर्व ही नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे, सद्भाव और इंसानियत का संदेश देने वाला अवसर भी है। राजनांदगांव की गंगा-जमुनी संस्कृति और सामाजिक सौहार्द की परंपरा को मजबूत करने के लिए सभी समाजों को मिल-जुलकर आगे बढ़ना चाहिए। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा जुलूस के स्वागत के दौरान क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण वातावरण देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने सभी मुस्लिम समाजजनों को ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद देते हुए कामना की कि समाज में आपसी भाईचारा, शांति, सद्भाव और इंसानियत का पैगाम सदैव कायम रहे।

# सड़क निर्माण के बाद भी हालात जस के तस : चौड़ीकरण के नाम पर सिर्फ डामरीकरण

## बढ़ते ट्रैफिक दबाव से जूझ रहा डोंगरगांव, जाम में फंस रहीं एंबुलेंस, रिंग रोड निर्माण की उठी मांग



डोंगरगांव (दावा)। नगर में सुव्यवस्थित यातायात को लेकर लंबे समय से चली आ रही मांग के बाद करोड़ों रुपये की लागत से सड़क निर्माण तो कराया गया, लेकिन यह कार्य चौड़ीकरण के बजाय केवल डामरीकरण तक ही सीमित रह गया। नतीजतन, शहर के भीतर यातायात का दबाव जस का तस बना हुआ है और स्थानीय नागरिकों सहित राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राजनांदगांव से डोंगरगांव होते हुए मोहला-मानपुर की ओर जाने वाला स्टेट हाईवे शहर के अंदर बेहद संकरा है। हाल ही में अन्य राज्य जा रहे एक विशालकाय ट्रेलर के फंस जाने से घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही। स्थानीय प्रशासन द्वारा सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने में बरती जा रही लापरवाही के कारण स्थिति और गंभीर हो गई है।

### बगदई पुल से पत्ता गोदाम तक चौड़ीकरण की दरकार

मूल प्राक्कलन (एस्टीमेट) के अनुसार मुख्य नाली से ढाई फीट शोल्डर छोड़कर डामरीकरण किया जाना था, लेकिन स्थानीय विरोध और राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण चौड़ीकरण का कार्य अधूरा रह गया। संकरी सड़क के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। मालवाहक, यात्री बसें, निजी वाहन और दोपहिया गाड़ियां एक ही संकरे मार्ग से गुजरने के कारण पर्व-त्योहारों व जुलूस के दौरान पूरा शहर थम जाता है। कई बार 112 और एंबुलेंस जैसे आपातकालीन वाहन भी घंटों जाम में फंसे देखे गए हैं।

### अतिक्रमण व पार्किंग की गंभीर समस्या

स्टेट हाईवे के दोनों ओर मुख्य बाजार संचालित होता है। जहां दुकानों के आगे अघोषित अतिक्रमण के चलते ग्राहकों व वाहन चालकों के लिए पार्किंग की कोई जगह नहीं बचती। विवश होकर लोग सड़क पर ही वाहन खड़े कर देते हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश को जोड़ने वाला यह प्रमुख शार्टकट मार्ग है। जिस पर दिन-रात भारी वाहनों की आवाजाही रहती है।

नगर में यातायात नियंत्रण के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। चौक-चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल नदारद हैं, फुटपाथ और सुव्यवस्थित नालियों का अभाव है, तथा जगह-जगह अवैध डिवाइडर कटिंग दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। बची-खुची कसर सड़क पर डेरा जमाए आवारा पशु पूरी कर देते हैं।

### डेड केनाल को रिंग रोड में बदलने की मांग

नागरिकों का कहना है कि डोंगरगांव को अब रिंग रोड या बाईपास की सख्त आवश्यकता है। करियाटोला से होकर नगर पालिका के समीप निकलने वाली नहर (केनाल) वर्षों से अनुपयोगी (डेड) पड़ी है। यदि इस नहर के मार्ग को रिंग रोड के रूप में विकसित किया जाए, तो भारी वाहन शहर के बाहर से ही निकल सकेंगे। जिससे न केवल शहर को जाम से मुक्ति मिलेगी बल्कि नगर का समुचित विस्तार भी हो सकेगा।

# छुईखदान की बेटी अग्रणी सोनी का एमबीबीएस में चयन, परिवार और नगर में खुशी की लहर



**स्व. लखीराम अग्रवाल मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, रायगढ़ में मिला प्रवेश, परिजनों व नगरवासियों ने दी बधाई**

छुईखदान (दावा)। नगर की होनहार एवं प्रतिभाशाली छात्रा अग्रणी सोनी ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सफलता हासिल कर अपने परिवार सहित पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। अग्रणी का चयन स्व. श्री लखीराम अग्रवाल मेमोरियल गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, रायगढ़ में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए हुआ है। अग्रणी सोनी, प्रतिष्ठित नागरिक उत्तम सोनी एवं श्रीमती सरिता सोनी की सुपुत्री हैं। उनके डॉक्टर बनने के सपने की पहली सीढ़ी पार करने पर परिजनों, शुभचिंतकों और स्थानीय नगरवासियों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। बधाई देने वालों का उनके निवास पर तांता लगा हुआ है।

### माता-पिता और शिक्षकों को दिया सफलता का श्रेय

अपनी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अग्रणी ने इसका श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद, शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन और अपनी निरंतर कड़ी मेहनत को दिया है। उन्होंने कहा कि सही दिशा में नियमित अध्ययन और दृढ़ संकल्प से किसी भी बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। नगर के प्रबुद्ध नागरिकों ने अग्रणी की सफलता को क्षेत्र की अन्य बेटियों और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए अग्रणी सोनी एवं उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## निष्क्रिय श्रमिक पंजीयनों को नवीनीकरण कराने की अपील

राजनांदगांव (दावा)। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत अधिसूचित 60 प्रवर्गों में निर्माण श्रमिक पंजीकृत है। राजनांदगांव जिला अंतर्गत वैधता अवधि समाप्त हो चुके पंजीयन तथा 2 वर्ष से अधिक अवधि से नवीनीकृत नहीं किए गए पंजीयन को निष्क्रिय किया गया था। मंडल द्वारा निर्धारित अवधि में नवीनीकरण से वंचित सभी निष्क्रिय पंजीयनों हेतु पोर्टल पर नवीनीकरण का विकल्प पुनः खोल दिया गया है। मंडल में अधिसूचित प्रवर्गों के अंतर्गत निर्धारित समयावधि में श्रमिक पंजीयन का नवीनीकरण नहीं कराने वाले श्रमिक जनपद पंचायतों में संचालित मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र, श्रम विभाग द्वारा आयोजित मोबाईल कैम्प शिविर, मोबाईल रजिस्ट्रशन वैन एवं अन्य माध्यमों से निष्क्रिय पंजीयन का नवीनीकरण कराकर अपने श्रमिक पंजीयन को पुनः सक्रिय कर सकते है। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत जिले को वर्ष 2026-27 हेतु 22000 पंजीयन एवं नवीनीकरण हेतु 9300 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। कार्यालय सहायक श्रमायुक्त द्वारा निर्माणी श्रमिकों से अपने निष्क्रिय आवेदनों को सक्रिय करवाने नवीनीकरण हेतु शीघ्र ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की गई है।

# दिग्विजय स्टेडियम में खेल गतिविधियां लगातार जारी रहेंगी, रणजी ट्रॉफी मैच कराने का लक्ष्य - योगेश बागड़ी



**राजनांदगांव (दावा)।** दिग्विजय स्टेडियम समिति के सहसचिव योगेश बागड़ी ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू मुदलियार को पत्र लिखकर आश्वस्त किया है कि दिग्विजय स्टेडियम में खेल गतिविधियां पूर्व की तरह निरंतर जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि स्टेडियम के मैदान को बड़े आयोजनों के लिए तैयार करने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है और सभी के सहयोग से आने वाले समय में राजनांदगांव में रणजी ट्रॉफी जैसे प्रतिष्ठित क्रिकेट मैच आयोजित कराने का प्रयास किया जाएगा। योगेश बागड़ी ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में इसी मैदान पर रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल ऑल इंडिया फ्लडलाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के दो बड़े आयोजन हो चुके हैं, जिन्हें शहर की खेलप्रेमी जनता ने देखा है। जीतू मुदलियार स्वयं भी इन आयोजनों में अतिथि के रूप में उपस्थित रहे हैं। इसके अलावा वर्षभर राज्य स्तरीय बालक एवं बालिका क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित होती रही हैं और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा।

### 50 लाख रुपए खर्च होने की बात निराधार

स्टेडियम मैदान पर 50 लाख रुपए खर्च किए जाने की बात को योगेश बागड़ी ने निराधार बताते हुए कहा कि वर्ष 2023 में जिला क्रिकेट एसोसिएशन की मांग पर तत्कालीन कलेक्टर तारन सिन्हा ने नगर निगम को एजेंसी बनाकर लगभग 20 लाख रुपए की स्वीकृति कराई थी। हालांकि इस राशि में से कितना खर्च हुआ, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि उस समय मैदान का काम आधा ही हो पाया था। इसके बाद जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने अपने स्तर पर मैदान में आवश्यक कार्य कर जून 2023 और फरवरी 2025 में ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किए। पिछले डेढ़-दो वर्षों से जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मैदान पर होने वाले आवश्यक खर्चों का वहन करते हुए राज्य स्तरीय बालक एवं बालिका क्रिकेट प्रतियोगिताएं भी आयोजित कराई जाती रही हैं।

### 15 लाख रुपए की स्वीकृति से मैदान के विकास कार्य प्रारंभ

योगेश बागड़ी ने बताया कि स्टेडियम समिति में सचिव रमेश पटेल एवं सहसचिव के रूप में मनोनयन के बाद उन्होंने विधायक डॉ. रमन सिंह से मैदान को बड़े आयोजनों के लिए तैयार कराने का आग्रह किया था। इसके परिणामस्वरूप 15 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई और विकास कार्य प्रारंभ किए गए हैं। हाल ही में स्टेडियम समिति की बैठक में इन कार्यों के लिए नगर निगम को एजेंसी बनाए जाने का प्रस्ताव भी अनुमोदित किया गया है। उन्होंने कहा कि उनके मनोनयन के पूर्व स्टेडियम की स्थिति किसी से छिपी नहीं थी, लेकिन जिम्मेदारी मिलने के बाद उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्थाओं में सुधार शुरू किया। एक सप्ताह के भीतर स्टेडियम के शौचालय एवं प्रसाधन कक्षों की सफाई और व्यवस्था दुरुस्त कराई गई।

### खिलाड़ियों की सुविधाओं और सुरक्षा पर विशेष ध्यान

बागड़ी ने बताया कि खिलाड़ियों के लिए तीन-चार नए वाटर कूलर लगाने, स्टेडियम के चारों ओर रात्रि में रोशनी देने वाले ग्लो साइन बोर्ड लगाने, मैदान के अंदर ड्रेनेज की टूटी-फूटी नालियों का नवीनीकरण कराने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने जैसे कार्य किए गए हैं। इसके अलावा रात्रि में असामाजिक तत्वों के जमावड़े को रोकने, स्टेडियम में लगी लिफ्ट को सुचारू रूप से चालू कराने, विद्युत व्यवस्था एवं जनरेटर को दुरुस्त कराने सहित अनेक कार्य किए गए हैं। स्टेडियम परिसर में लगभग नौ खेलों का एक माह का निःशुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित कराया गया।

### तीन माह में कई बड़ी खेल प्रतियोगिताओं को मिला सहयोग

उन्होंने बताया कि पिछले तीन महीनों में बैडमिंटन, शतरंज, बास्केटबॉल और टेबल टेनिस सहित विभिन्न खेलों की बड़ी प्रतियोगिताओं के आयोजन में स्टेडियम समिति ने पूरा सहयोग किया है। समिति के सचिव एवं सहसचिव के मनोनयन के बाद स्टेडियम परिसर में खिलाड़ियों की संख्या और खेल आयोजनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्तमान में क्रिकेट के अलावा लगभग नौ अन्य खेलों की गतिविधियां प्रतिदिन स्टेडियम में संचालित हो रही हैं और सैकड़ों खिलाड़ी यहां अभ्यास एवं खेल गतिविधियों में भाग लेते दिखाई देते हैं।

### राजनीति नहीं, खेल और खिलाड़ी प्राथमिकता

योगेश बागड़ी ने कहा कि वे स्वयं पिछले लगभग 40 वर्षों से नियमित रूप से दिग्विजय स्टेडियम में खेलने आते रहे हैं तथा जिला एवं राज्य क्रिकेट संगठनों से भी लंबे समय से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि खेल और खेल संगठनों से वर्षों से जुड़े रहने के कारण उनकी पहली प्राथमिकता खेल और खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में वर्षों से सक्रिय कांग्रेस के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी उनकी खेल गतिविधियों और जुड़ाव से परिचित हैं। समिति के सचिव रमेश पटेल भी जिला एवं विश्वविद्यालय स्तर पर खेल चुके हैं। ऐसे में उनकी भी प्राथमिकता स्टेडियम में राजनीति नहीं, बल्कि खेल और खिलाड़ियों का विकास होना स्वाभाविक है।

### बारिश के कारण फिलहाल मैदान बंद

योगेश बागड़ी ने बताया कि पिछले 15 दिनों से अत्यधिक बारिश के कारण मैदान में भारी जलभराव हुआ है और अभी भी मैदान में अत्यधिक नमी बनी हुई है। ऐसी स्थिति में मैदान पर आवाजाही होने से मिट्टी का दबाव बढ़ रहा है और आउटफील्ड के धंसने की स्थिति बन रही है। इसी कारण मैदान को फिलहाल कार्य पूर्ण होने तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि बारिश के कारण एक स्थान पर मिट्टी धंसने से गड्ढा बना था। जिसे विशेषज्ञों की देखरेख में ठीक कराया जाएगा। मैदान को सितंबर माह तक तैयार करने का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है।

### बरसात में मैदान पर हाईवा चलने की बात निराधार

योगेश बागड़ी ने स्पष्ट किया कि बरसात के दौरान दिग्विजय स्टेडियम के मैदान के अंदर हाईवा चलने की बात पूर्णतः निराधार है। मैदान के लिए विशेष कछारी मिट्टी लाने के लिए ट्रैक्टर जरूर आए हैं, लेकिन उन्हें मैदान के खेलने वाले हिस्से में नहीं चलाया गया। ट्रैक्टरों की आवाजाही मैदान के किनारे वाले हिस्से में, सीमा रेखा के बाहर ही हुई है। उन्होंने बताया कि इस हिस्से में किए जा रहे कार्य को भी अगले एक सप्ताह में पूरी तरह व्यवस्थित कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैदान की गुणवत्ता और आउटफील्ड की मजबूती को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जा रही है। विशेषज्ञों की देखरेख में ही आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं, ताकि मैदान को बड़े एवं प्रतिष्ठित क्रिकेट आयोजनों के लिए बेहतर स्वरूप में तैयार किया जा सके।

### राजनांदगांव में होगा रणजी मैच

योगेश बागड़ी ने जीतू मुदलियार को लिखे पत्र में कहा है कि खेलों के प्रति उनकी चिंता संस्कारधानी के खेलप्रेम की भावना के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी खेल गतिविधियों के लिए जीतू मुदलियार का सहयोग मिलता रहा है और आगे भी सभी के सहयोग की आवश्यकता रहेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सहयोग से बहुत जल्द राजनांदगांव के दिग्विजय स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी का प्रतिष्ठित मैच आयोजित होगा।

# श्री सत्यनारायण मंदिर में सजेगा दिव्य-भव्य अलौकिक दरबार



**भक्ति-आराधना के साथ जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियां प्रारंभ, मनोहारी छवि के दर्शन से मंत्रमुग्ध होंगे भक्त**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव के श्री सत्यनारायण मंदिर में आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव को इस वर्ष दिव्य, भव्य एवं अलौकिक स्वरूप में मनाने की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। इसी संबंध में श्री सत्यनारायण मंदिर समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें जन्माष्टमी महोत्सव को श्रद्धा, भक्ति और आकर्षक साज-सज्जा के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने बताया कि जन्माष्टमी भगवान विष्णु के आठवें अवतार भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है। भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य हुआ था। यह पर्व श्रद्धालुओं के लिए आस्था, उमंग और आनंद का विशेष अवसर होता है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी श्री सत्यनारायण मंदिर में भगवान श्री सत्यनारायण का दिव्य एवं अलौकिक दरबार सजाया जाएगा। मंदिर परिसर को देश के विभिन्न राज्यों से मंगाए जाने वाले सुगंधित एवं आकर्षक पुष्पों से सजाकर भगवान श्री सत्यनारायण की मनोहारी झांकी तैयार की जाएगी। इसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

### पुष्पों से सजेगा मंदिर परिसर

उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया, श्याम खंडेलवाल, राजेश अग्रवाल 'बालाजी' एवं विजय खंडेलवाल ने बताया कि जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर की विशेष साज-सज्जा की जाएगी। विभिन्न प्रकार के सुगंधित पुष्पों से भगवान श्री सत्यनारायण की अलौकिक झांकी सजाई जाएगी, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगी। इस अवसर पर भक्तों को भगवान श्री सत्यनारायण के साथ बाल गोपाल श्रीकृष्ण के मनोहारी लड्डू गोपाल स्वरूप के दर्शन का भी सौभाग्य प्राप्त होगा। मंदिर में होने वाली विशेष साज-सज्जा एवं धार्मिक आयोजन श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिकता से सराबोर करेंगे। समिति ने बताया कि जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भगवान के दिव्य दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। उपरोक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल एवं सचिव सौरभ खंडेलवाल ने दी।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com